


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन



सोना ₹61,235 (प्रति 10 ग्राम) | चांदी ₹72,565 (प्रति किलोग्राम)

फिर 61 हजार के पार हुआ सोना, चांदी भी 73 हजार के करीब पहुंची

वर्ष 52/ अंक 266/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 15 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## 30 हजार महीना कमाने वाली असि.इंजिनियर के घर करोड़ों बरामद



**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस ने पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन की प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर हेमा मीणा के भोपाल, विदिशा और रायसेन के कई ठिकानों पर छापा मारा, इस छापेमार कार्रवाई में जैसे ही मैडम की संपत्ति और उनकी लाइफ स्टाइल का खुलासा हुआ, यह देखकर लोकायुक्त की टीम भी दंग रह गई, जहां महज 30 हजार रुपए महीना कमाने वाली महिला कर्मचारी धनकुबेर के रूप में नजर आई हो।

घर में महज कुत्तों के लिए रोटी बनाने की 2.5 लाख रुपए की मशीन है। इससे अंदाजा लगा लें कि इंसानों का खाना कैसे बनता होगा। 30 लाख रुपए का एक एलइडी टीवी मिला, जो भी अभी-अभी खरीदा गया है, उसे खोला भी नहीं गया।13 साल की नौकरी में वेतन से 232 गुना अधिक संपत्ति मिली। मैडम के ठिकानों पर 70 विदेशी नस्ल के एक से बढ़कर एक कुत्ते और 70 महंगी गिर गायें हैं। 20 लग्जरी कारें, एक थार, 2 ट्रक, 1 टैंकर सहित अन्य कई गाडियां। 20 हजार वर्गफीट में बना बंगला, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ से अधिक, इस बंगले में 40 कमरे, ये घर मैडम के पिता के नाम पर है। भोपाल में बंगला, फार्म हाउस, लाखों रुपए के सरकारी उपकरण, महंगी शराब, लाखों के कृषि उपकरण सहित कई ऐशो आराम की वस्तुएं भी मैडम के ठिकानों से मिली हैं। मैडम के यहां कई कर्मचारी हैं, जिन्हें वे खुद सेलरी देती हैं, उनमें से अधिकतर को वॉकी टॉकी दे रखा है, वे उसी से उनसे सम्पर्क रखती हैं। लोकायुक्त की टीम पशु चिकित्सा विभाग की टीम बनकर छापेमार कार्रवाई करने पहुंची थी।

## सांसद ने धमकाया बहनों को भाजपा हजार रूपए देगी, वोट नहीं दिया तो बंद



**बुरहानपुर।** चुनाव आते ही नेताओं का ध्यान पूरी तरह चुनाव पर केंद्रित हो जाता है। उनकी हर कोशिश होती है कि कुछ भी करके उन्हें वोट मिले। फिर इसके लिए उन्हें कुछ भी बोलना पड़े, कुछ भी करना पड़े, वे पीछे नहीं हटते। लेकिन, खंडवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने तो बोलने की सरकारी सीमाएं लांघ दी।

लाडली बहनों के कार्यक्रम में महिलाओं से कहा कि लाडली बहनों को हर महीने एक हजार रूपए मिलेंगे। यह पैसे हर साल मिलते रहेंगे। लेकिन, आपको इस बात का ध्यान रखना कि कमल पर मुहर जरूर लगाना। अपने भाषण के आखिरी में सांसद ने यह भी कहा कि यदि आपने जरा भी गड़बड़ की, तो फिर यह एक हजार रूपए भूल जाना। यानी भाजपा सत्ता से गई तो एक हजार रूपए मिलना भी बंद हो जाएंगे। उन्होंने लालच भी दिया और धमकी भी दी। इस कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर समेत सारे अफसर मौजूद थे।

कांग्रेस ने भी इस पर कटाक्ष किया। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने ट्वीट करके निर्वाचन आयोग मुख्य सचिव तक को उनके इस बयान पर संज्ञान लेने की बात कही। उन्होंने लिखा कि 'खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल बुरहानपुर के एक कार्यक्रम में लाडली बहनों को 1000 रु.की बात कह वोट खरीद रहे हैं? कलेक्टर की मौजूदगी में भाजपा के चुनाव चिन्ह 'कमल' पर वोट की अपील, धौंस भीड़ निर्वाचन आयोग व मुख्य सचिव संज्ञान लेंगे?

## सांसद के भोज में बवाल, मटन-भात खाने के लिए बेकाबू हुई भीड़

**पटना।** सांसद ललन सिंह ने 2019 में कार्यकर्ताओं के लिए सम्मान भोज की शुरुआत की थी। इसमें मटन-चावल के अलावे शाकाहारी भोजन की व्यवस्था होती है। रविवार को पोलो मैदान में भोज का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से ही कार्यकर्ता दूर-दराज से पहुंचने लगे थे। मैदान के सभी गेट खोल दिए गए, लेकिन भीड़ इतनी जुट गई कि पुलिसकर्मी को भीड़ नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग करना पड़ा।

इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए थे। भीड़ बेकाबू हो गई। इसे काबू करने के लिए सुरक्षाबलों को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। लोग वहां से एक-दूसरे को धक्का देकर भागते नजर आए। कार्यक्रम स्थल पर सांसद ललन सिंह सहित जल संसाधन मंत्री संजय झा भी मौजूद थे।



सम्मान भोज के लिए झारखंड से लगभग 100 की संख्या में कुशल कारीगरों को बुलाया गया। कारीगरों ने करीब 2 दर्जन से अधिक मिट्टी का चूल्हा बनाया था।

## लालू यादव ने इशारों में जो समझाया वो धीरेंद्र शास्त्री समझ गए और कथा रोक दी



**पटना।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का कार्यक्रम जो पटना में चल रहा था, अचानक निरस्त कर दिया गया। अभी तक सामने नहीं आया कि ऐसा क्या हो गया जो धीरेंद्र शास्त्री ने पटना से लौटना ही बेहतर समझा! लेकिन, अब पता चला कि लालू यादव ने इशारों में धीरेंद्र शास्त्री को जो संदेश दिया, वो उन पर पहुंच गया और कथा का आयोजन समेट दिया गया।

आरजेडी नेता लालू यादव कई बार इशारों में राजनीति करते है। वे बोलते नहीं, बस कुछ ऐसा कर जाते हैं कि सामने वाला समझ जाता है कि अब उसे क्या करना हैं। धीरेंद्र शास्त्री के आने से एक दिन पहले लालू प्रसाद एक मजार पर चादर चढ़ाने गए। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री कथा के लिए शनिवार को पटना पहुंचे। लालू यादव शुक्रवार को पटना हाईकोर्ट के पास वाली मजार पहुंचे। उन्होंने शहीद सफदर पीर मुराद शाह रहमतुल्ला अलैह की मजार पर चादर चढ़ाई। उनके साथ कई मुस्लिम नेता थे। धीरेंद्र शास्त्री जहां भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मुहिम खुलेआम चला रहे हैं। लालू प्रसाद का इतिहास मुस्लिम-यादव राजनीति के समर्थन वाला रहा हैं। बिहार में यादवों का वोट बैंक 16 प्रतिशत है और उतना ही मुसलमानों का भी। लालू प्रसाद की राजनीति को आसानी से समझा नहीं जा सकता। दिव्य दरबार को बीच में ही रद्द करने के पीछे की वजह भीषण गर्मी बताया गया है। कहा गया कि फैसला लिया गया है कि रविवार को बाबा के दरबार में भीषण गर्मी की वजह से कई लोगों को तबीयत बिगड़ गई थी। कई लोग बेहोश हो गए। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि पुलिस को लाठी चार्ज करना करना पड़ा। बहरहाल सोमवार को बाबा का दिव्य दरबार नहीं लगाने का फैसला किया है।



Sri D. KUMARAN, Sub Inspector , Assistant Commissioner Office Royapettah Mrs.Muthu Aarthi, teacher of SJNS Jain school, And Arjun S.V , XII std school topper Participated in the pigeon feeding activity held on 10/05/2023 at Singhvi Scan and diagnostic centre, triplicane. Shri N.Sugalchand Jain has been feeding about 10000 birds everyday in Triplicane for the past 22 years. Everyday 250 kgs of wheat is spread on the terrace of Singhvi Scan and diagnostic centre.





### सामूहिक कन्या विवाह योजना कायक्रम को संबोधित किया

मुख्यमंत्री शवराज सिंह चौहान ने समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस से सीधी एवं बालादी जिला खंडवा में हो रहे मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कायक्रम को संबोधित किया। यहां सवा दो सौ जोड़े विवाह सूत्र में बंधने जा रहे हैं।



### सीएम शिवराज और पत्नी साधना सिंह पहुंचे रावतपुरा सरकार, मंदिर में किया सुंदरकांड का पाठ

**भिंड।** रावतपुरा सरकार मंदिर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह हेलिकॉप्टर से पहुंचे. हैलीपेड पर सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया के अलावा सांसद संध्या राय ने सीएम और उनकी पत्नी का स्वागत किया. इसके बाद मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी का अभिनंदन तिलक चंदल लगाकर मंदिर के मुख्यगेट पर किया गया. यहां से रावतपुरा के संत रविशंकर महाराज के साथ उनके निवास स्थल पर पहुंचे. मुख्यमंत्री चौहान का यह निजी कार्यक्रम बताया था।

## 5वीं-8वीं बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट जारी, छात्राएं अव्वल



**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से बोर्ड पैटर्न पर कराई गई 5वीं और 8वीं परीक्षाओं के नतीजे आ गए हैं। आज स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भोपाल में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान में परिणाम जारी किए।

रिजल्ट ग्रेड पर आधारित है। सरकारी स्कूल के बच्चों ने प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को पीछे छोड़ दिया। मदरसों के 8वीं के 55 प्रतिशत बच्चे फेल हुए हैं। 5वीं का रिजल्ट 82.27 प्रतिशत रहा। 8वीं में 76.09त्न स्टूडेंट्स सफल रहे। शहरों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों के बच्चों ने बेहतर परफॉर्म किया है। 5वीं में ग्रामीण इलाकों के 86.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स रहे, शहरों में यह आंकड़ा 72.73प्रतिशत रहा। 8वीं में ग्रामीण इलाकों से 78.96 प्रतिशत और शहरी इलाकों से 68.83 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल रहे हैं।

छात्रों के मुकाबले छात्राओं का रिजल्ट बेहतर रहा है। 5वीं में 84.3प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। छात्रों का प्रतिशत 80.3प्रतिशत है। 8वीं में 78.9प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं। 73.5 प्रतिशत छात्र 8वीं में पास हुए। 10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षा के परिणाम 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है।

## जबलपुर में कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी



**जबलपुर।** चंद्रिका टावर के सामने स्थित दवा बाजार से लगी एक चार मंजिला इमारत में सोमवार को आग लग गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़िया मौके पर पहुंच गईं। अग्निशमन दस्ते द्वारा आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

चंद्रिका टावर के सामने स्थित कृति काम्पलेक्स में थर्ड-फ्लोर पर टीसी मेडिकामेंट्स नामक मेडिकल एजेंसी है। इस मेडिकल एजेंसी के संचालक विकास अग्रवाल ने बताया कि सुबह वो जब अपनी एजेंसी पहुंचे तो फ्यूज उड़ा हुआ था। उन्होंने फ्यूज को सही किया, इसे बाद न जाने कैसे पूरी फ्लोर में धुआं भरने लगा और कहीं-कहीं आग की लपटें दिखाई देने लगीं। इसके तत्काल बाद ही उन्होंने एजेंसी में काम करने वाले समस्त स्टाफ को फ्लोर से बाहर करवाया और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी।

## अहमदनगर में दो गुटों में हिंसा, कर्फ्यू लगाया गया

**अहमदनगर।** महाराष्ट्र के अहमदनगर में जुलूस के दौरान 2 गुटों में पथराव हो गया। पुलिस के मुताबिक, रविवार को शेवगांव इलाके में संभाजी जयंती के दौरान जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में लोगों ने धर्म स्थल के पास गुजरते वक्त



नारेबाजी की थी। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया।

भीड़ को संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पथराव में 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अहमदनगर में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किया गया है। यहां कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस मामले में कुल 112 लोगों पर धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब तक 32 लोगों को हिरासत में लिया है।

## भाजपा धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक मंच पर ला रही है, कार्यकाल का हिसाब दे: कमलनाथ



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक मंच पर लेकर आ रही है और अपने कार्यकाल का हिसाब नहीं दे रही। यदि मध्यप्रदेश में कट्टरवादी संगठनों की घुसपैठ हुई है तो यह पुलिस प्रशासन का दायित्व होना चाहिए कि मध्य प्रदेश को ऐसी शक्तियों से मुक्त करे। वे आज पीसीसी में मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

कमलनाथ ने कहा कि कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भगवान बजरंगबली के नाम का दुरुपयोग करने का भरपूर प्रयास किया गया, किस प्रकार पैसे का दुरुपयोग किया गया उसके बावजूद कांग्रेस की कुल सीटों की 50 प्रतिशत सीटें भी नहीं जीत पाए, 64 सीटों पर सिमट कर रह गए। मैंने केरल स्टोरी नहीं देखी और इस विषय में ज्यादा जानकारी नहीं, परंतु आम मतदाता अब बहुत समझदार हो चुका है वह समझ रहा है कि धार्मिक मुद्दों का राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह बात एक बार नहीं अनेकों बार कहीं है कि जो व्यक्ति या संगठन समाज में नफरत, वैमनस्यता और बांटने की बातें करें उन पर बैन लगना चाहिए और कार्यवाही होनी चाहिए, काम किसी व्यक्ति अथवा संस्था को टारगेट करने का कार्य नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारे वचन पत्र लगभग पूरा होने को है, किसान कर्ज माफी से जुड़ी हुई तमाम घोषणाएं कांग्रेस के वचन पत्र में आ जायेंगी। हमारी नारी सम्मान योजना को प्रदेश भर से बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है अंत में मुद्दा यह होगा कि जनता किस पर विश्वास करती है और इसी विश्वास के मुद्दे पर मध्य प्रदेश का चुनाव लड़ा जाएगा। कर्नाटक के सवाल पर उनका कहना था कि सिद्धारमैया जी और डीके शिवकुमार जी दोनों मेरे बहुत नजदीक है मेरी दोनों से लगातार बात हो रही है मेरी खरगे जी से भी बात हुई है, आज डीके शिवकुमार का जन्मदिन भी है मुख्यमंत्री कौन होगा इस विषय में मैं कुछ नहीं बोलना चाहता।

## कर्नाटक सीएम चुनने के लिए सीक्रेट वोटिंग, नतीजे जल्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री चुनने के लिए कांग्रेस के तीन ऑब्जर्वर्स ने रविवार देर रात तक विधायक दल की बैठक में विधायकों से 4-5 घंटे तक बातचीत की। ऑब्जर्वर्स सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भंवर जितेंद्र सिंह ने विधायकों के साथ वन-टु-वन मीटिंग भी की। तीनों ऑब्जर्वर्स दिल्ली पहुंच चुके हैं। सिद्धारमैया भी हाईकमान से मिलने दिल्ली रवाना हो चुके हैं।



कांग्रेस लीडर बीके हरि प्रसाद ने सोमवार को बताया कि सीक्रेट बैलट वोटिंग भी हुई। उन्होंने कहा कि विधायकों की राय हाईकमान को भेज दी गई है। अब खड़गे दिल्ली में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से बातचीत कर मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे।

डीके के दिल्ली जाने पर अभी संशय है। आज उनका जन्मदिन है। डीके समर्थकों से मिलने के बाद मीडिया से भी मिले। उन्होंने कहा, आज मेरा जन्मदिन है। कार्यकर्ता घर पर मिलने आ रहे हैं। पूजा-पाठ भी है। अभी दिल्ली जाने पर कोई फैसला नहीं किया है। हाईकमान पर फैसला छोड़ दिया है। मुझे जो काम सौंपा गया था, वो मैंने पूरा कर दिया है। मुझे नहीं पता जन्मदिन पर हाईकमान मुझे क्या तोहफा देगा। कर्नाटक के लोग पहले ही हमें नंबर्स दे चुके हैं।

## न्यायपालिका पर टिप्पणी मामले में कानून मंत्री-उपराष्ट्रपति को राहत, याचिका निरस्त



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें वकीलों के एक संगठन ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर कार्रवाई की मांग की थी। बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन (बीएलए) ने न्यायपालिका को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में रिजिजू और धनखड़ के खिलाफ याचिका डाली थी।

वकीलों के संगठन ने बॉम्बे हाईकोर्ट के नौ फरवरी के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। हाईकोर्ट में वकीलों के संगठन की याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि यह संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत रिट अधिकार क्षेत्र को लागू करने के लिए उपयुक्त मामला नहीं था।



अमिताभ बच्चन इन दिनों मुंबई में हैं और अपनी अपकमिंग फिल्म्स को पूरा करने में लगे हुए हैं। उनको फिल्म के सेट पर समय से पहुंचना था लेकिन मुंबई के ट्रैफिक के कारण ऐसा हो नहीं पा रहा था तो अभिनेता ने एक अंजान शख्स से बाइक पर लिफ्ट ले ली। बिग बी जाकर उस शख्स की बाइक पर बैठ गए। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।

# राज्यपाल ने एक सप्ताह-एक प्रयोगशाला कार्यक्रम का शुभारंभ किया

## एम्प्री प्रदेश का इंजन ऑफ इनोवेशन बने : राज्यपाल पटेल

### एक सप्ताह-एक प्रयोगशाला आत्म-निर्भर भारत निर्माण की सार्थक पहल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि एक सप्ताह-एक प्रयोगशाला कार्यक्रम आत्म-निर्भर भारत निर्माण की सार्थक पहल है। कार्यक्रम से भावी पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में योगदान की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सी.एस.आई.आर. एम्प्री प्रदेश में अनुसंधान, शिक्षा और उद्योग जगत के बीच सार्थक और समान हिस्सेदारी वाली साझेदारी विकसित कर इंजन ऑफ इनोवेशन बने।

राज्यपाल श्री पटेल कॉउंसिल ऑफ़ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च के एडवांस्ड मैटेरियल्स एंड प्रोसस्सेस रिसर्च इंस्टिट्यूट (सी.एस.आई.आर. एम्प्री) के सभागार में卐एक सप्ताह-एक प्रयोगशाला卐 के शुभारंभ अवसर पर शिक्षाविद, शोधकर्ता, उद्योगपति, उद्यमी, स्टार्ट-अप, स्कूल और कॉलेज के छात्र और आम जनता को संबोधित कर रहे थे। एम्प्री की गतिविधियों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन और वन वीक वन लेब पुस्तिका का लोकार्पण किया गया। संस्थान द्वारा उद्यम के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए दस्तावेज का विनिमय भी किया गया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि दुनिया में आज वही राष्ट्र और समाज आगे होगा, जो तकनीकी ज्ञान में दूसरों की तुलना में आगे रहेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे नागरिकों की सोच और समाज का वातावरण वैज्ञानिक हो, इसके लिए बहुआयामी प्रयास किए हैं। जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान को आगे बढ़ाते हुए जय अनुसंधान के द्वारा देश में विज्ञान और अनुसंधान के लिए मज़बूत वातावरण निर्मित किया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के द्वारा समग्र, अनुसंधान, चर्चा और विश्लेषण आधारित शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने का क्रांतिकारी कार्य किया है। नई शिक्षा नीति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे व्यावहारिक विज्ञान के विषयों को ज्ञान की अन्य शाखाओं से जोड़ा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इंटरएक्टिव प्रयोगशालाओं के जरिए विज्ञान को मज़ेदार, रोचक और जानकारी पूर्ण बनाते हुए, बचपन से ही बच्चों में वैज्ञानिक शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विवेक पूर्ण सोच विकसित करने में सी.एस.आई.आर जैसी संस्थाओं और वैज्ञानिकों का आगे आना सराहनीय पहल है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज़ादी का अमृत उत्सव राष्ट्र के अतीत के गौरव से युवाओं को परिचित और आज़ादी के 100 वर्षों की पूर्णता पर राष्ट्र के भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध भावी पीढ़ी तैयार करने का संकल्प है। इस प्रसंग में सी.एस.आई.आर. एम्प्री को पिछले वर्षों की यात्रा का अभिलेखन कर, वर्ष 2047 के लिए एक विजन विकसित करना चाहिए।

सी.एस.आई.आर. एम्प्री के निदेशक डॉ. अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सप्ताह के दौरान 14 से 18 मई तक अलग-अलग तरह के 10 कार्यक्रम किये जायेंगे। इसका उद्देश्य प्रयोगशाला के शोध को आमजन तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि रीजनल रिसर्च लेबोरेटरी के रूप में 14 मई 1981 को संस्थान की नई दिल्ली में स्थापना हुई थी, जिसे वर्ष 1983 में भोपाल स्थानांतरित कर दिया गया। वर्ष 2007 में भविष्यवादी दृष्टिकोण के साथ संस्थान का पुनर्गठन किया गया। संस्थान के 100 वैज्ञानिकों और तकनीशियनों की टीम निरंतर डिजिटल एवं हरित परिवर्तनों में अपनी भूमिका के प्रभावी निर्वहन के लिए शोध एवं अनुसंधान कार्य कर रही है। सी.एस.आई.आर. एम्प्री के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद अकरम खान ने आभार माना। प्रारम्भ में राज्यपाल श्री पटेल ने आयोजन स्थल पर प्रयोगशाला के शोध एवं अनुसंधान कार्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टाल पर अनुसंधानों के व्यवहारिक उपयोग और वाणिज्यिक संभावनाओं संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# युवा पीढ़ी ट्रैफिक नियमों का पालन सही तरीके से करें: गुर्जर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



जेडीयू युवा जनता दल यूनाइटेड मध्यप्रदेश के युवा नेता पूर्व भोपाल उपाध्यक्ष एवं पूर्व मध्य प्रदेश सचिव एवं अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के सदस्य प्रोफेसर अर्पित गुर्जर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आमतौर पर देखा गया है कि युवा पीढ़ी बहुत तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए हर दिन कुछ ना कुछ खबर मिलती रहती है कि यहां पर दुर्घटना हुई है ट्रैफिक नियम बनाए ही इसलिए जाते हैं कि इन नियमों का पालन सभी लोग सही रूप से करें पर आमतौर पर देखा गया है कि युवा वर्ग की पीढ़ी नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाते हैं जैसे गाड़ी चलाते समय हेलमेट ना पहनना , आधे से ज्यादा दुर्घटना इसी कारण से होती है अगर हेलमेट पहने रहते हैं तो गंभीर चोटों से बचा जा सकता है ट्रैफिक सिग्नल के नियम का पालन ना करना ही सबसे बड़ा अपराध है अक्सर देखा गया है कि ट्रैफिक लाइट के सिग्नल जैसे लाल , पीला , एवं हरा इनका ध्यान ना रखते हुए गाड़ी चलाते हैं रेड सिगनल लगा हुआ है तब भी लोग गाड़ी रुकने की जगह गाड़ी चला कर ले जाते हैं इससे गंभीर एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है कई बार देखा गया है कि टू व्हीलर , फोर व्हीलर द्वारा गाड़ियों को ओवरटेक करना यह भी गलत है ओवरटेक करने से दोनों तरफ दुर्घटना का खतरा बना रहता है कई बार ओवरटेक करने पर ही इतनी गंभीर दुर्घटना होती है की सोचा भी नहीं जा सकती नेशनल हाईवे पर लोग इतने मस्त तरीके से गाड़ी चलाते हैं कि उन्हें तेज रफ्तार का भी पता नहीं चलता गाड़ी हमेशा सही सीमा तय पर चलानी चाहिए आधी से ज्यादा दुर्घटना रोड पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा जाती है और इससे कई लोगों को गंभीर चोटे आती है खासकर बारिश में दुर्घटना का खतरा ज्यादा बना रहता है क्योंकि गाड़ी की रफ्तार तेज होती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है।

युवा वर्ग के लोग भी गाड़ी तभी चलाएं दो पहिया चार पहिया जब आपके पास लाइसेंस बना हुआ है या लर्निंग लाइसेंस तब ही गाड़ी चलाएं और गाड़ी चलाते समय अपनी रफ्तार का ध्यान रखें और ट्रैफिक नियमों के यातायात का पालन कर सही रूप से गाड़ी चलाएं मा. गुर्जर जी सभी वर्ग के लोगों से अपील करते हैं कि सभी लोग ट्रैफिक नियमों को ध्यान में रखते हुए गाड़ी चलाएं साथ ही अपनी लेन में ही गाड़ी चलाएं किसी भी गाड़ी को ओवरटेक ना करें साथ ही तेज रफ्तार से गाड़ी ना चलाएं एवं गाड़ी चलाते समय सतर्क रहें सावधान रहें ।



## नाटक हवा पानी का मुकदमा का मंचन

**भोपाल।** आर्टलोक स्टूडियोज़ ऑफ़ रियलिस्टिक विज़ुअलाइज़ेशन संस्था भोपाल द्वारा 13 से 18 वर्ष के बच्चों कि लिए दिनाँक 10 से 12 मई 2023 तक एक तीन दिवसीय नृत्य एवं नाट्य कार्यशाला आयोजित की गई। उसमे बच्चो को प्रशिक्षण दिया गया और उसके पश्यात बच्चों के साथ एक नाटक हवा पानी का मुक़दमा की प्रस्तुति की गई । इस नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन अपूर्व दत्त मिश्रा ने किया। जिसका मंचन दिनांक 13 मई 2023 को प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एक सामुदायिक भवन में किया गया।

# प्रेम, समर्पण एवं गुरू के प्रति जो सत्कार है वह सच्चा हो: सतगुरू माता सुदीक्षा





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सतगुरू बाबा हरदेव सिंह के प्रति प्रेम तभी सार्थक है, जब हम उनकी सिखलाईयो पर चलें। हमें उनकी शिक्षाओं को केवल बोलचाल में ही नहीं अपितु उसे अपने वास्तविक जीवन में भी अपनाना है। सिखलाईयों के रूप में जो मोती हमें बाबा जी ने दिये उन्हें अपने जीवन में धारण करना है। प्रेम, समर्पण एवं गुरू के प्रति जो सत्कार है वह सच्चा हो न कि केवल दिखावा मात्र। अपना मनथन हमें स्वयं करना है। प्रत्यक्ष को प्रमाण वाली बात कि हमारे जीवन में गुरू के प्रति प्रेम समर्पण का भाव सच्चा हो। केवल एक विशेष दिन के रूप में हम उन्हें याद न करके उनके द्वारा दी गयी सिखलाईयों से नित प्रेरणा लेते हुए, अपने जीवन को सार्थक बनाये।' यह आशीष वचन सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने विशाल रूप में एकत्रित हुए श्रद्धालुओं को व्यक्त किये।

बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में 'समर्पण दिवस' समागम का आयोजन दिनांक 13 मई, दिन शनिवार को सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित हुआ जिसमें दिल्ली, एन. सी. आर. सहित सीमावर्ती राज्यों से हज़ारो की संख्या में भक्तों ने सम्मिलित होकर बाबा जी के परोपकारों को न केवल स्मरण किया अपितु हृदयपूर्वक श्रद्धा सुमन भी अर्पित किये। सतगुरू माता जी ने उदारहण सहित समझाया कि जिस प्रकार दूध में मधाणी मारने से केवल मलाई एवं मक्खन ही निकलेगा इसके विपरीत पानी में वह अवस्था बिलकुल भी संभव नहीं। अत: सच्ची भक्ति ईश्वर से जुड़कर ही प्राप्त हो सकती है तब ही हमारा मन प्रेम, सत्कार से सराबोर होगा और फिर गुरु के प्रति सच्ची प्रेमाभक्ति ही हृदय में उत्पन्न होगी इसीलिए यह आवश्यक है कि सत्गुरू का सच्चा संदेश केवल बोलचाल में ही न रह जाये। सतगुरु माता जी के प्रवचनों से पूर्व निरंकारी राजपिता जी ने अपने सम्बोधन में फरमाया कि बाबा जी का संपूर्ण जीवन ही उपकारो, वरदानों एवं मेहरबानीयों से युक्त रहा। बाबा जी ने समूचे संसार में केवल प्रेम और अमन का ही दिव्य संदेश दिया। प्रेम का वास्तविक अर्थ हमें बाबा जी की सिखलाईयों से ही प्राप्त हुआ और उन्होनें सदैव प्रेम और अपनी दिव्य मुस्कुराहट से न केवल सभी को निहाल किया अपितु समूची मानव जाति के प्रति करूणा दया का भाव रखते हुए उनके जीवन को सार्थक किया। बाबा जी का यही दृष्टिकोण था कि जीवन में यदि प्रेम का भाव होगा तो झुकना सरल हो जायेगा। उनका यह मानना था कि ऊँचाईयो को ऐसे प्राप्त किया जाये कि माया का कोई भी दुष्प्रभाव गुरसिख पर न हो। बाबा जी ने पात्रता एवं प्रयास के भाव को न देखते हुए सभी के प्रति केवल समानता और करूणा वाला भाव ही दर्शाया। अंत में निरंकारी राजपिता जी ने यही अरदास करी कि हम सभी का जीवन सतगुरू के कहे अनुसार ही निभ जाये।

'समर्पण दिवस' के अवसर पर मिशन के वक्तागणों ने व्याख्यान, गीत, भजन एवम् कवितायों के माध्यम से बाबा जी के प्रेम, करूणा, दया एवं समर्पण जैसे दिव्य गुणों को अपने शुभ भावों द्वारा व्यक्त किया। निसंदेह बाबा हरदेव सिंह जी की करूणामयी अनुपम छवि, प्रत्येक निरंकारी श्रद्धालु भक्त के हृदय में अमिट छाप के रूप में अंकित है जिससे प्रेरणा लेते हुए आज प्रत्येक भक्त अपने जीवन को धन्य बना रहा है।

# संस्कार सेना ने शुरू की 51 दिवसीय माता पिता सम्मान संकल्प भारत यात्रा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

संस्कार सेना द्वारा युवा पीढ़ी को माता-पिता के सम्मान हेतु प्रेरित करने के लिए 51 दिवसीय माता-पिता सम्मान संकल्प भारत यात्रा का शुभारंभ मातृ दिवस के अवसर पर भोपाल से किया गया। यात्रा के संयोजक जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य एवं माता-पिता के सम्मान के लिए प्रेरित करना है 51 दिवसीय यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक भोपाल से शुरू होकर 6 जुलाई को गाजियाबाद पर समाप्त होगी आज इस यात्रा को सद्गुरु स्वामी दयानंद जी महाराज द्वारा आशीर्वाद देकर शुरू किया गया जतिन श्रीवास्तव ने कहा कि हमें अपने बच्चों को जन्म से ही माता प्रत्येक पिता के प्रति सम्मान देने के संस्कार देने होंगे अपने माता-पिता के प्रति आदर सम्मान का भाव रखते हुए उसी दिन उनके चरण स्पर्श करना उनके साथ अच्छे शब्दों में वार्तालाप करना आदि तरीकों से उनका सम्मान करना होगा इस यात्रा का उद्देश्य की संस्कार सेना का प्रत्येक सदस्य एवं संस्कार सैनिक ग्रुप में संस्कारी बनी प्रतिदिन प्रात काल अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करें माता-पिता के जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ को हर्ष उल्लास से मनाए 20 वर्ष 14 फरवरी को माता पिता पूजन संस्कार दिवस के रुप में मनाए प्रतिवर्ष मातृ दिवस को माता-पिता का सम्मान कर हर्ष उल्लास से मनाए एवं अपने नवीन कार्यों का शुभारंभ अपने माता-पिता के शुभ हाथों कराएं अपने जन्म उत्सव पर भी पहले माता-पिता का सम्मान करें एवं बाद में केक काटे माता-पिता का सम्मान संकल्प यात्रा भारत यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक की जा रही है इस यात्रा का समापन 6 जुलाई को संस्कार सेना के स्थापना दिवस पर गाजियाबाद में होगा।

## नेशनल धोबी महासंघ की बैठक संपन्न

भोपाल। नेशनल धोबी महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक समरधा भोपाल पर आयोजित की गई इस बैठक में नेशनल धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्नावरापू नागेश्वर राव विभिन्न प्रदेशों के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए इस बैठक में भारत के 11 राज्यों के धोबी समाज को एससी प्रवर्ग में शामिल करने के लिए शासन से मांग पूरी कराने के लिए रणनीति पर चर्चा हुई

## जाट महाकुंभ के लिए आभार

भोपाल। राजधानी भोपाल में आज जाट महाकुंभ का आयोजन किया गया इसमें लगभग एक लाख से अधिक जाट समाज के लोग एकत्र हुए भोपाल जाट महासभा के पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण जाट ने बताया कि जाट समाज की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर इस जाट महाकुंभ में चर्चा की गई एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जाट समाज के हितों के लिए आग्रह किया गया इस जाट महाकुंभ की संयोजक रणवीर जाट ने महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## अमलतास इंडिया का नया प्रोजेक्ट लॉन्च

भोपाल। सलैया ग्राम मिसरोद पर अमलतास इंडिया लिमिटेड का नया प्रोजेक्ट मॉडल लांच किया गया प्रोजेक्ट में 4ड्डद्धद्म 3क्चाज़ 2क्चाज़ एवं वन बीएचके स्टूडियो अपार्टमेंट बनाए गए हैं आज लॉन्चिंग के अवसर पर ग्राहकों का भारी रिस्पांस मिला कई अपार्टमेंट ऑन द स्पॉट बुक हुए सिटाडेल पर खूबसूरत लैंडस्केप जिम एवं अत्याधुनिक फीचर्स उपलब्ध

# ग्रीष्म अवकाश में मिठी गोबिंदराम स्कूल में स्टॉफ असेम्बली का अभिनव प्रयोग

**संत हिरदाराम नगर।** साधारणत: सभी शिक्षण संस्थाओं में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों हेतु अवकाश रहता है और शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य ड्यूटी करने वाले स्टॉफ सदस्यों को इस काल में भी स्कूल में आना पड़ता है। हालांकि इस अवधि में अन्य दिनों की अपेक्षा उनके ऊपर कार्य का बोझ कम रहता है। परमहंस संत शिरोमणि हिरदाराम साहिबजी की असीम अनुकंपा एवं संस्थान के प्रेरणा स्त्रोत श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन में शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल द्वारा इस अवधि में अपने स्टॉफ सदस्यों को सामान्य बातचीत में अंग्रेज़ी भाषा (विशेषकर सफाई कर्मचारी एवं अन्य सहायक स्टॉफ) का ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ समस्त कर्मचारियों के भीतर सुशुप्त विविध कलओं एवं रचनाकर्म को जागृत कर उसे निखारने तथा उनमें आध्यात्मिक भाव जागृत करने के उद्देश्य से एक अनूठा और अनुकरणीय प्रयास प्रारम्भ किया गया है। प्रतिदिन प्रात: कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व स्टॉफ सदस्यों की असेम्बली होती है जिसमें प्राचार्य, उप-प्राचार्या, प्रशासनिक अधिकारी, डॉयरेक्टर (एकेडेमिक) एवं संस्था के सचिव से लेकर सफाई कर्मचारी तक एकत्रित होते हैं और प्रार्थना करने के पश्चात राष्ट्रगीत गाते हैं। इसके पश्चात प्राचार्य या उप-प्राचार्या द्वारा प्रतिदिन सहायक कर्मचारियों को दिन-प्रतिदिन के वार्तालाप में काम आने वाले एक अंग्रेज़ी वाक्य की जानकारी देकर उसका अभ्यास कराया जाता है और अगले दिन उसकी पुरावृति करने के पश्चात नया वाक्य सिखाया जाता है। इससे सहायक कर्मचारियों में विशेष रुचि जागृत हुई है और जो कर्मचारी पढ़े लिखे नहीं हैं वे भी अंग्रेज़ी हैं शब्दों को बोलने का अभ्यास कर खुद को गौरानन्वित महसूस कर रहे हैं। इससे उनके भीतर स्फूर्ति का विकास भी हुआ है। इसी प्रकार साप्ताहांत पर हनुमान चालीसा या सुखमनी साहिब का पाठ करने के साथ भजन, भक्ति गीत गाने का भी आयोजन किया जाता है। इस क्रम में 13 मई को हनुमान चालीसा का पाठ करने के पश्चात, प्राचार्य ने एक प्रेरणास्पद कहानी तथा उप-प्राचार्या एवं प्रशासनिक अधिकरी ने एक-एक भजन प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त अन्य कर्मचारियों- सुश्री वंशिका दयारामानी, अलका सदारंगानी तथा अन्यों ने भी भजन की प्रस्तुति दी जिनके साथ श्री अनिल सदारंगानी एवं अशोक तनवानी ने क्रमश: ढोलक एवं कांगो पर संगत दी। श्रद्धेय सिद्धभाऊजी ने इस विशेष असेम्बली हेतु अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और कामना की है कि अन्य स्कूल भी ऐसा करें।



# मध्यप्रदेश में आतंकवाद पनपने नहीं देंगे : शिवराज सिंह चौहान

## धर्मांतरण का प्रयास करने वाले संगठन पर की गई प्रभावी कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती पर धर्मांतरण नहीं होने दिया जाएगा। धर्मांतरण के प्रयास करने वाले संगठनों पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। आतंकवाद को कुचलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज स्मार्ट उद्यान में टीवी न्यूल चैनल प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में धर्मांतरण के प्रयासों में लिप्त पाए गए संगठन के सदस्यों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

हिज्ब उत तहरीर संगठन के सदस्य कोचिंग सेंटर चलाने, ऑटो ड्राइवर और दर्जी के रूप में कार्य कर धर्मांतरण के प्रयास कर रहे थे। रायसेन जिले के वन क्षेत्र में ये ट्रेनिंग कैंप भी चलाते थे। प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक और राज्य में 10 लोगों की धरपकड़ हुई है। तेलंगाना से भी ऐसे संगठन के सदस्यों को पकड़ा गया है। एटीएस द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई है। ऐसे तत्वों को जड़ से समाप्त किया जाएगा। इनका पैटर्न धर्मांतरण और आतंकवाद फैलाना है। इनको ऐसे प्रयास में सफल नहीं होने दिया जाएगा। गैर कानूनी कार्य करने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में भी नक्सली, दस्युओं और आतंकी गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को पकड़ा गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को बड़ी सौगात के रूप में ब्याज माफी का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व सरकार द्वारा ऋण माफी का वादा कर किसान को ऋण ग्रस्त और डिफाल्टर बनाया गया। ऐसे किसानों की ब्याज की राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में अभी तक हल किए गए प्रकरणों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि अभियान में आम जनता से जुड़े छोटे-छोटे कार्यों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, बँटवारा, अविवादित नामांतरण, विभिन्न प्रमाण-पत्रों को उपलब्ध कराने, बिजली पेयजल कनेक्शन देने के लिए 31 मई तक शहरी क्षेत्र के वार्ड और ग्रामों में शिविर लगाए जायेंगे।

# मध्यप्रदेश में कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड बनेगा, अध्यक्ष को मिलेगा मंत्री का दर्जा

- राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त
- मुख्यमंत्री द्वारा लव-कुश मंदिर और धर्मशाला के निर्माण के लिए 10 करोड़ स्वीकृत करने की घोषणा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मांग पर कुशवाहा समाज के संभागीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 करोड़ की लागत से लव कुश मंदिर और धर्मशाला के निर्माण की घोषणा की। मंदिर के लिए 5 करोड़ और धर्मशाला के लिए 5 करोड़ राज्य सरकार द्वारा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्थान चयन के लिए कुशवाहा समाज को जिम्मेदारी सौपी। जो स्थान चयनित होगा, उसी स्थल पर एक छात्रावास भी बनेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री चौहान ने मध्यप्रदेश में कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के गठन घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद राजपूत ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुशवाहा समाज के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई बड़ी घोषणा किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा तथा समस्त कुशवाहा एवं पटेल समाज की ओर से मैं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया, उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाहा, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायकद्वय शैलेन्द्र जैन एवं प्रदीप लारिया, ललितपुर के विधायक रामरतन कुशवाहा, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, संयोजक अर्जुन पटेल ने स्वागत भाषण दिया। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष जे.पी. वर्मा एवं कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में खनिज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मोकलपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, बीज निगम के उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, पशुधन कुक्कुट विकास निगम के उपाध्यक्ष नंदराम कुशवाहा, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, गौरव सिरोठिया, श्रीमती लता वानखेड़े, शैलेष केशरवानी, सुधीर यादव, प्रभुदयाल पटेल, नारायण दास कबीरपंथी, कुशवाहा समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती राधा कुशवाहा, प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल कुशवाहा सहित जिले के जनप्रतिनिधि, पार्षद, कुशवाहा समाज के पदाधिकारी और संभाग के सभी जिलो से आये कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भोपाल का सही इतिहास लिखने के लिए भोपाल हिस्ट्री फोरम का गठन

**भोपाल।** हमारे शहर भोपाल के इतिहास के साथ हो रहे खिलवाड़, भेदभाव और भोपाल शहर का नया इतिहास लिखने के प्रोपेगेंडा के खिलाफ भोपाल शहर के गणमान्य व्यक्तियों की एक बैठक शाहनवाज एडवोकेट के कार्यालय में आयोजित की गई । जिसमें भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया जिनमें भोपाल शहर की प्रसिद्ध लेखिका और इतिहास की जानकारी डॉक्टर रजिया हामिद साहिबा, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार से पूरालेखपाल मुमताज बेग साहब, एडवोकेट शाहनवाज खान साहब, भोपाल शहर के शिक्षाविद और समाजसेवी कलीम अख्तर साहब, भोपाल के इतिहास के जानकारी रिजवान उद्दीन अंसारी साहब, मिर्जा समीर बैग और सैफिया कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर अशहर किदवई आदि सम्मिलित हुए। इस बैठक में भोपाल के इतिहास के साथ हो रहे खिलवाड़ पर अहम चर्चाहुई। जिसमें भोपाल हिस्ट्री फोरम नाम से एक मंच बनाने पर सहमति बनी। इस मंच के माध्यम से भोपाल के इतिहास को बचाने का काम भोपाल के सही इतिहास को भारत एवं विश्व की जनता के समक्ष प्रस्तुत करने का कार्य किया जाएगा।

## लोक अदालत में नगरीय निकायों को मिला 55 करोड़ राजस्व

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि 13 मई को हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में नागरिकों ने विभिन्न करों के अधिभार में दी गई छूट का भरपूर लाभ उठाया है। परिणाम स्वरूप नगरीय निकायों को एक ही दिन में राजस्व और गैर-राजस्व करों के रूप में 55 करोड़ 46 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। लोक अदालत में नगरपालिक निगमों को 49 करोड़ 34 लाख रूपये, नगर पालिका परिषदों को 4 करोड़ 53 लाख रूपये तथा नगर परिषदों को एक करोड़ 60 लाख रूपये का राजस्व मिला है। नगर निगमों में सर्वाधिक राजस्व 24 करोड़ 63 लाख रूपए इंदौर नगर निगम को प्राप्त हुआ। वहीं भोपाल नगर निगम दूसरे स्थान पर रहा जिसे 10 करोड़ 84 लाख रूपये कर के रूप में प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पालिकाओं में मंदसौर और सिहोर द्वारा क्रमश: 62 लाख और 42 लाख रूपये की वसूली की गई। छोटी नगर परिषदों में राऊ नगर परिषद द्वारा लगभग 10 लाख रुपए की वसूली की गई। लोक अदालत के माध्यम से लगभग 60 हजार नागरिकों द्वारा अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त किया गया। इसमे से अधिकतर लोगों द्वारा ऑनलाइन ही सुविधा का लाभ प्राप्त किया गया।

## गुना जिले की विद्युत अधो-संरचना को सुदृढ़ करने 180 करोड़ स्वीकृत

**भोपाल।** गुना जिले की विद्युत अधो-संरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के लिए 180 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गए हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा रेवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण में 162 करोड़ रुपये और राज्य सरकार द्वारा 18 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत कार्यों में 220 केव्ही उप केंद्र में अतिरिक्त अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापना, 132 केव्ही उप केंद्र में अतिरिक्त अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापना, 11 नवीन 33/केव्ही उप केंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिए 37 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक स्थापना, नौ 33/11 केव्ही उपकेंद्रों में क्षमता वृद्धि और अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापना, 294 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 404 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य, सत्रह 11 केव्ही फीडर का विभक्तिकरण एवं 992 किलोमीटर 33 एवं 11 केव्ही उच्च दाब फीडरों का निर्माण कार्य शामिल हैं। इससे गुना जिले की लगभग 13 लाख की जनसंख्या लाभान्वित होगी। साथ ही आगामी 10 वर्षों की विद्युत मांग की सफलतापूर्वक पूर्ति हो सकेगी।

## मूंग और उड़द उपार्जन के लिए पंजीयन 19 तक

**भोपाल।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार वर्ष 2023 (विपणन वर्ष 2023-24) में प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनांतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए कृषकों के पंजीयन 19 मई 2023 तक किये जाने है। कृषक पंजीयन कराने हेतु एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर जानकारी के साथ मूंग खरीदी हेतु पंजीयन करा सकते है। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का लाभ सभी पात्र किसानों को मिले: सखलेचा



### झांतला एवं ताल सेना तलाई में ब्याज माफी योजना के फॉर्म भरवाए

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का लाभ सभी पात्र किसानों को सुनिश्चित करने के लिए किसानों के फॉर्म भरवाए जाएं। मंत्री श्री सखलेचा ने आज जावद क्षेत्र के झांतला एवं ताल सेहनातलाई के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कार्यालय में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के फार्म भरवाए। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि सरकार जो कहती है, वह करती है। पिछले 20 सालों में किसान, मजदूर, विद्यार्थी, बहन-बेटियों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया है, पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल रही है, किसान खुशहाल और समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के तहत झांतला सोसाइटी के 384 किसानों को 19 लाख रुपए से अधिक की ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। जावद क्षेत्र के 6600 से अधिक किसानों को ?24 करोड़ से अधिक की राशि की ब्याज माफी का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की पीड़ा को समझा और उन्हें डिफाल्टर होने से बचाने के लिए मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना शुरू की है। मंत्री श्री सखलेचा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया तथा प्रतीक स्वरूप किसान मदनलाल को 26150 एवं प्रेमचंद को 14048 रुपए की ब्याज माफी के लिए फॉर्म भरे।

## पर्यटन निगम की होटल्स में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की अलग-अलग रखें किचन: पर्यटन मंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा है कि भोजन बनाने में स्वच्छता और सात्विकता का होना बहुत जरूरी है। भोजन सीधे तौर पर हमारे मन और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के सभी होटलों में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन के किचन अलग-अलग रखने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जायेगा, जिससे सभी पर्यटकों को पौष्टिक और सात्विक भोजन परोसा जा सकें। मंत्री सुश्री ठाकुर के निर्देश पर पर्यटन निगम ने सभी इकाइयों के किचिन में वेज एवं नानवेज भोजन बनाने की पृथक-पृथक सेक्शन रखने संबंधी आदेश जारी किये हैं। साथ ही स्नस्स्द्ध के मानक अनुसार फ्रीज, डीप-फ्रीज, चाकू, चॉपिंग बोर्ड आदि भी पृथक-पृथक रखें जायेंगे।

## दिव्यांग पंजा कुश्ती विजेताओं का किया सम्मान

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने आज बड़वानी में जिला स्तरीय दिव्यांगजन पंजाब कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पुरस्कृत खिलाड़ी 16 मई को भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला स्तरीय दिव्यांग पंजा कुश्ती प्रतियोगिता की गई थी। इसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त मनोज पटेल, लोकेन्द्र आर्य, सोहन लोहारे, मोतीराम सेनानी, लता सोलंकी, रवीना बघेल, बीना जाधव, शांता किराड़े आदि विजेताओं का आज बड़वानी मे मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएँ दी और शाल-श्रीफल एवं शील्ड देकर सम्मान किया।



# एम्स में आर्थोपेडिक्स विभाग ने सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आर्थोपेडिक्स विभाग, एम्स ने 13-14 मई को ऑर्थोपेडिक सर्जन्स सोसाइटी के सहयोग से इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन (आईओए) पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सब-कमेटी और आईओए के एमपी चैप्टर के तत्वावधान में आईओए पीडियाट्रिक ऑर्थो ट्रॉमा पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसके एक भाग के रूप में, मुख्य सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम 14 मई 2023 को आयोजित किया गया। सतत चिकित्सा शिक्षा के लिए फैकल्टी दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, पटना, देवगढ़, ऋषिकेश, इंदौर और भोपाल से आमंत्रित थे।



सीएमई में 90 से अधिक डॉक्टरों, स्नातकोत्तर छात्रों और विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ रेसीडेंट्स और विभिन्न अस्पतालों (सरकारी और निजी) में अभ्यास करने वाले आर्थोपेडिक सर्जनों ने भाग लिया।

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रो (डॉ.) अजय सिंह, जो आईओए की बाल चिकित्सा हड्डी रोग उप-समिति के अध्यक्ष हैं, ने विचार-विमर्श का नेतृत्व किया। उन्होंने बच्चों में भग्न के प्रबंधन के सिद्धांतों को समझने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जो कि वयस्कों से अलग हैं। संतोषजनक परिणाम प्राप्त करने के लिए सिद्धांतों का पालन करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने सुझाव दिया कि एम्स, भोपाल में पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स में सुपर स्पेशियलिटी कोर्स (एमसीएच) शुरू किया जाना चाहिऐ। उन्होंने पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स में रुचि रखने वाले आर्थोपेडिक सर्जनों के लिए एमपी चैप्टर शुरू करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम की चर्चाओं में ऊपरी और निचले भुजाओं की भग्न स्थितियों को शामिल किया गया, जिसमें फ्रैक्चर विषय पर विभिन्न सत्र संचालित किए गए, जिन्हें आर्थोपेडिक सर्जनों को अपने दिन-प्रतिदिन के अभ्यास में प्रबंधित करना पड़ता है। सामान्य भग्न स्थितियों पर बहस जिसके लिए इष्टतम उपचार का निर्णय लेने के लिए वैज्ञानिक साहित्य में विवाद हैं, पर काफी चर्चा हुईं। सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के तहत स्नातकोत्तर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इससे प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रश्नोत्तरी में डॉ. स्वस्ति प्रसाद और डॉ. अरविंद की एम्स भोपाल की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीतौ। पोस्टर प्रस्तुति में डॉ. मोहित इसरानी ने प्रथम पुरस्कार जीता। स्नातकोत्तर परीक्षा में बाल चिकित्सा मामले से कैसे निदान करें पर सत्र कार्यक्रम का एक अन्य आकर्षण था।

### एम्स को कायासर्वी नामक डिवाइस के परीक्षण एवं अनुसंधान के लिए 80 लाख का अनुदान

भोपाल। कैंसर के लिए स्क्रीनिंग को शुरुआती पहचान और उपचार से मृत्यु दर को कम करने के लिए जाना जाता है। सबसे पहले, स्क्रीनिंग को उन कैंसर के निदान के समय को आगे बढ़ाना चाहिए जो मृत्यु का कारण बनते हैं। दूसरा, इन कैंसर के शुरुआती उपचार से नैदानिक प्रस्तुति में उपचार पर कुछ लाभ मिलना चाहिऐ। अन्य कैंसर प्रकारों के विपरीत, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का शीघ्र निदान और उपचार के लिए जांच की जा सकती है। भारत सरकार के इस मानदंड के आधार पर स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) प्रतिष्ठित ग्रांट-इन-एड (जीआईए) (प्रोजेक्ट आईडी 2022-1988) के तहत डॉ. रश्मि चौधरी (मुख्य अन्वेषक), अपर प्रोफेसर एम्स भोपाल और उनके सहयोगी दल को कायासर्वी नामक मास-स्क्रीनिंग सर्वाइकल कैंसर डिवाइस के परीक्षण एवं अनुसंधान के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है। यह अमेरिकन रिसर्च पार्टनर डॉ सुलता द्वारकानाथ, सीईओ काया-17, यूएसए के सहयोग से कायासर्वी विकसित किया गया है। यह अनुदान तीन वर्ष के लिए होगौ। प्रख्यात चिकित्सकों और वैज्ञानिकों की शोध टीम भोपाल की सामुदायिक सेटिंग में यह अध्ययन करेगौ। अध्ययन के समावेश और बहिष्करण मानदंड के अनुसार आकार नमूनाकरण (पीपीएस) की संभावना के अनुपात का उपयोग करके 36 गांवों (क्लस्टर) का चयन किया जाना है। कायासर्वी डिवाइस ने एम्स भोपाल अस्पताल सेटिंग में अपने शुरुआती पायलट अध्ययन (2019-20) में उत्साहजनक परिणाम दिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह अध्ययन सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती निदान में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग के माध्यम से मील का पत्थर साबित होगौ। डिवाइस को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपयोग में लाया जाएगौ। चूंकि यह यूएसबी मोड के साथ भी काम कर सकता है।

स म्पा द की य

# क्या पूरा नेटवर्क सामने आएगा?

मध्यप्रदेश भले ही पूरी तरह से विकसित राज्य नहीं बन पाया हो, लेकिन इस राज्य के सरपंच-पंचायत सचिवों से लेकर कई स्तर के कर्मचारी जरूर करोड़पति निकलते हैं। हाल में राजधानी भोपाल का ही एक मामला सामने आया है, जो बहुत चर्चाओं में है। असल में लोकायुक्त ने मप्र पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की बर्खास्त प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर हेमा मीणा के यहां जब छापा मारा तो करोड़ों रुपए की संपत्ति मिली। कारपोरेशन के एक और इंजीनियर जनार्दन सिंह के खिलाफ भी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के दो मामले लोकायुक्त पुलिस की जांच में हैं।

पहले हेमा की संपत्ति पर हलकी नजर डालते हैं। हेमा के पांच बैंक खाते मिले हैं। बंगले से लोकायुक्त टीम ने 450 सामान की लिस्ट तैयारी की है। इनमें रोटी बनाने की तीन लाख की मशीन, 30 लाख का टीवी, रिवॉल्विंग चेयर, मोल्डेड सेंटर टेबल, पानी की 12 मोटर, मिनी क्रेन, कई पैक एसी और महंगी अलमारी (जो खुले ही नहीं), दो कंटेनर घी आदि शामिल है। इस लिस्ट में सामान की अनुमानित कीमत 1.50 करोड़ रुपए बताई गई है। लिस्ट में हेमा के नाम रजिस्टर्ड वाहनों को भी शामिल किया गया है। जबकि डॉग्स और मवेशी को लिस्ट से अलग रखा गया है। इनका मूल्यांकन पशुपालन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

जिस 20 हजार वर्ग फीट जमीन पर हेमा का आलीशान बंगला बना है, उसे 2017 में उनके पिता के नाम से खरीदा गया था। हेमा के पांच बैंक खाते मिले हैं, जिनकी डिटेल रविवार को अवकाश होने के कारण नहीं मिल सकी। उनके खाते से हुए ट्रांजेक्शन के राज भी खोले जाएंगे, ऐसा बताया जा रहा है।

मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक संविदा पर रखी गई अधिकारी के यहां इतनी संपत्ति इतने कम समय में कैसे एकत्र हो गई। अकेली यही अधिकारी तो काम नहीं कर रही थी। उसके साथ और भी लोग होंगे। विभाग के बाकी लोगों के सहयोग के बिना तो इतनी संपत्ति कमाई नहीं जा सकती। कम से कम एक-दो वरिष्ठ अधिकारियों के बिना तो नहीं। आखिर काला-पीला जहां भी किया होगा, मिलकर ही किया होगा। वैसे कहा तो जा रहा है कि लोकायुक्त पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि मप्र पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में ऐसा किस अधिकारी का सबसे ज्यादा सहयोग था, जिनकी सिफारिश पर हेमा की दो बार पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में जॉइनिंग हुई। लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा होता नहीं है। अधिकांश जांचें, उसी कर्मचारी तक सिमट कर रह जाती हैं, जिसके यहां छापा मारा जाता है।

ऐसे तो छापा मारना भी आसान बात नहीं है। लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो आदि एजेंसियों के पास दर्जनों नहीं, सैकड़ों ऐसी शिकायतें आती हैं, जिनमें अनियमितता होते हुए भी उन्हें कथित तौर पर दबा दिया जात है। उच्च स्तर के अधिकारियों और सत्ता में शामिल लोगों के साथ तो खास तौर पर ऐसा ही होता है। उन पर हाथ डालने की या तो हिम्मत नहीं होती, या फिर उन्हें रोक दिया जाता है। लोकायुक्त से ही एक वरिष्ठ अधिकारी को जब हटाया गया, तब भी यही बात सोशल मीडिया पर आई थी कि वह कोई बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में थे और उच्च स्तर के दबाव में नहीं आ रहे थे।

यहां सवाल कई उठते हैं। पहली बात तो यही है कि जैसे पंचायत सचिव के यहां छापे में करोड़ों मिले, या किसी पंचायत की सोसायटी के प्रबंधक के यहां करोड़ों मिलते हैं, तो जांच आगे जाती नहीं दिखती। जबकि एक मामूली कर्मचारी के यहां करोड़ों मिलना सामान्य बात नहीं हो सकती। कहीं न कहीं राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तक्षेप होता ही होगा। सवाल यह भी है कि मामूली कर्मचारी जब करोड़ों कमा लेता है, अवैध तरीके से, तो भ्रष्टाचार कहां तक होगा? क्या अकेले ही भ्रष्टाचार किया जाता है? हर विभाग में छोटे कर्मचारी ही फंसते हैं, जबकि पैसा ऊपर तक जाता है, कहां तक जाता है, बताने की जरूरत नहीं, लेकिन या तो जांच होती नहीं है, या फिर रोक दी जाती है।

अब पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन का मामला है। पहले तो इसे लूप लाइन की तरह देखा जाता था। लेकिन अब करोड़ों की अवैध संपत्ति भ्रष्टाचार से ही कमाई गई होगी। कैसे? जांच हो। सही हो और सार्वजनिक भी हो, तब तो आगे लोग भ्रष्टाचार करने से डरेंगे। अभी पुलिस विभाग में ही कुछ इलेक्ट्रानिक आयटम में अनियमितता को लेकर समाचार छपे, लेकिन जब खबरें आती हैं, तो जांच नहीं होती। होती है, तो ले-देकर दबा दी जाती है। भ्रष्टाचार में और लोग भी शामिल हो जाते हैं। सो, एक इंजीनियर, यानि संविदा इंजीनियर अकेले तो इतना भ्रष्टाचार करने से रही। पूरा नेटवर्क सामने नहीं आएगा, तो जांच का कोई औचित्य नहीं। देखना होगा, यह मामला कहां तक जाता है।

Vallabh Bhawan Corridor 2 Central Vista

# बुधनी से मुकाबले में उतरना चाहते हैं दीपक जोशी

**सुरेश तिवारी**

भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री



कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने का गुबार ठंडा होने लगा है। लेकिन, इसके साथ ही एक नई बात सामने आई कि दीपक जोशी का लक्ष्य हाटपिपलिया से चुनाव लड़ना और जीतना नहीं है। वे तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ बुधनी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। लगता है कांग्रेस ने भी दीपक जोशी को इस मकसद के लिए हरी झंडी दिखा दी है।

बताया जाता है कि कॉलेज राजनीति में शिवराज सिंह और दीपक जोशी मित्र थे। दोनों विद्यार्थी परिषद की राजनीति करते थे। लेकिन, अब दोनों के बीच इतनी दूरियां बढ़ गई कि वे प्रतिद्वंद्वी के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। दीपक जोशी को सबसे ज्यादा पीड़ा पिताजी पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी का स्मारक नहीं बनने और कोरोना काल में पत्नी को मेडिकल हेल्प न मिलने की रही। उनकी पत्नी की तो मृत्यु भी हो गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक 17 और 18 मई को कांग्रेस के नेता सज्जन सिंह वर्मा के साथ बुधनी का दौरा भी करने वाले हैं। वे जानना चाहते हैं कि बुधनी में उनके लिए क्या संभावनाएं हैं। इससे लग रहा है कि अब बुधनी का चुनाव औपचारिक नहीं होगा। क्योंकि, जहां से मुख्यमंत्री जैसा व्यक्ति चुनाव लड़ता है, वहां प्रतिद्वंदी की भूमिका औपचारिक हो जाती है। पर, यदि दीपक जोशी बुधनी से मुकाबले में उतरते हैं तो विधानसभा चुनाव में यह उन हॉट सीट में शामिल हो जाएगी, जिस पर देशभर की नजरें टिकी होंगी।

**मंत्रियों की धमकी का कोई असर नहीं**

हर मंत्री का अपना एक ओहदा होता है और हर मंत्री को अपने उस ओहदे और सम्मान का ध्यान भी रखना पड़ता है। कई बार वे चाहकर सार्वजनिक रूप से वो बात नहीं कह पाते, जो उनके दिल में होती है। लेकिन, मध्य प्रदेश सरकार में कुछ मंत्री ऐसे हैं जो यह भूल जाते हैं और एक छोटे-मोटे नेता की तरह व्यवहार करने लगते हैं।

हाल ही में ऐसी दो घटनाएं हुई, जब शिवराज मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने अपना आपा खो दिया। पहली घटना खंडवा में हुई जब वन मंत्री विजय शाह ने आपा खो दिया था। इसलिए कि उनके बेटे को मुख्यमंत्री के मंच पर नहीं चढ़ने दिया गया। उन्होंने वहां के एसपी के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया था। मीडिया के सामने खुली धमकी दी थी, कि ये एसपी यहां नहीं रहेंगे! लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ! एसपी वहीं हैं और विजय शाह भी वहीं!



हाल ही में दूसरी घटना कृषि मंत्री कमल पटेल को लेकर हुई। कमल पटेल ने पांच दिन से रोड पर खड़े एक डंपर को लेकर देवास जिले के सतवास थाने में रात में पहुंचकर भारी हंगामा किया। पुलिस वालों को धमकाया कि सस्पेंड कर दूंगा, बर्खास्त कर दूंगा, नौकरी चली जाएगी। मंत्री के गुस्से से भरा हुआ वीडियो भी वायरल हुआ। लेकिन, इसके बाद भी हुआ कुछ नहीं!

देवास के एसपी ने मंत्री की शिकायत का सम्मान करते हुए मामले की जांच कन्नौज के एसडीओपी को सौंप दी। उन्होंने स्पष्ट भी किया कि जांच रिपोर्ट आने पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी! लेकिन, इस घटना का वीडियो देखने वाले समझ गए कि मंत्रियों के बोलने का कोई मतलब नहीं होता। थाने का पूरा स्टाफ वहीं पदस्थ है। एक सिपाही तक को सस्पेंड करना तो दूर हटाया तक नही गया! अलबत्ता विजय शाह की तरह कमल पटेल की हैसियत जरूर सामने आ गई!

**राहुल गांधी, सरकारी आवास और वास्तु**



कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस की जीत को लोग एक और एंगल से जोड़कर देख रहे हैं। ज्योतिष और वास्तु को जानने वाले लोगों का मानना है, कि राहुल गांधी ने 21 अप्रैल को अपना सरकारी आवास 12 तुगलक लेन छोड़ा, उसके बाद से कांग्रेस की लोकप्रियता में बढ़ोतरी हुई। उसी का नतीजा है कि कर्नाटक में कांग्रेस को इतनी बड़ी जीत मिली। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि मकान का नंबर 12 तुगलक लेन था और जिस दिन आवास छोड़ा गया वह दिन था 21 अप्रैल। दोनों का जोड़ 3 होता है। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन इस बात में दम नजर आ रहा है कि 12 तुगलक लेन से निकलने के बाद कांग्रेस के दिन धीरे धीरे फिरते नजर आ रहे है!

मानहानि मामले में दो साल की सजा के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हुई। इसके बाद उन्हें सरकारी घर खाली करने का नोटिस मिला था। वे उस घर को खाली कर अब अपनी माँ सोनिया गांधी के साथ रह रहे हैं।

**भाजपा को गृह राज्य वाले नेताओं ने डुबोया!**



हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, गृह राज्य होने से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को वहां फ्री हैंड मिल गया था। उन्होंने खुलकर अपना आदमीवाद चलाया और टिकट बांटे। यह भी जानकारी नहीं ली, कि जिन्हें टिकट दिए गए हैं, वे चुनाव जीत भी सकते हैं या नहीं! ये बात छुपी भी नहीं रही, पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का मामला होने से मामला सामने नहीं आ पाया!

इसके बाद भाजपा ने दूसरा प्रयोग कर्नाटक में भी वही किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष को कर्नाटक में फ्री हैंड दिया गया। क्योंकि, कर्नाटक संतोष का गृह राज्य है। बीएल संतोष ने यहां भी जेनुइन लोगों को अनदेखा करके टिकट बांटे। इसका नतीजा सामने है।

गृह राज्य के किसी नेता को जब चुनाव में टिकट बांटने की जिम्मेदारी दी जाती है, तो निश्चित रूप से उसमें स्थानीयता का भाव आ ही जाता है। वह पार्टी के बजाए अपने पुराने रिश्ते का ज्यादा ध्यान रखता है, जो जेपी नड्डा ने हिमाचल में किया था। वही बीएल संतोष ने कर्नाटक में किया। ये दो राजनीतिक हादसे पार्टी के लिए एक सीख की तरह हैं। बेहतर हो कि किसी स्थानीय नेता को उस राज्य में टिकट बांटने की जिम्मेदारी नहीं दी जाए। क्योंकि, जब ऐसे नेता को टिकट बांटने की जिम्मेदारी दी जाती है ईमानदारी से अच्छे उम्मीदवारों का चयन नहीं हो पाता, जिसका परिणाम भाजपा ने दो बार भोग लिया।

**संयोग: कर्नाटक में भाजपा सरकार का जाना और सूद का सीबीआई चीफ बनना**



देश के सियासी और प्रशासकीय गलियारों में इन दिनों इस बात को लेकर बहुत चर्चा है कि कर्नाटक में बीजेपी की सरकार जाने से वहा के डीजीपी प्रवीण सूद का सीबीआई निदेशक बनने का रास्ता साफ हो गया। इसे कोई संयोग ही कहा जाएगा कि जिस दिन कर्नाटक में बीजेपी की करारी हार हुई उसी दिन सूद का चयन भी सीबीआई चीफ के रूप में हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार हालांकि, 3 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की पैनल में 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रवीण सूद का नाम भी था लेकिन इसे संयोग ही कहा जाएगा कि उनका चयन उस दिन हुआ जिस दिन कर्नाटक में बीजेपी की सरकार गई।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें**



कर्नाटक में बीजेपी की हार के बाद एक बार फिर दिल्ली में सत्ता के गलियारों में केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें लगाई जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित फेरबदल मे लगभग आधा दर्जन नेता शामिल किए जा सकते हैं। खबर तो यह भी कि एक वरिष्ठ और दो राज्य मंत्रियों को हटाया भी जा सकता है। जबलपुर में कांग्रेस की बढ़ती ताकत को देखते हुए माना जा रहा है कि वहां के सांसद राकेश सिंह का नाम भी विस्तार में नंबर लग सकता है।

**उपलब्धियां तैयार करने में जुटे हैं मंत्रालय, जानिए वजह:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार 26 मई को नौ वर्ष पूरे करने जा रही है। विभिन्न मंत्रालय और विभाग अपनी अपनी उपलब्धियां तैयार करने में व्यस्त हैं। खुशियों का यह मौका किस तरह से मनाया जाएगा, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी होनी है।

**शहडोल में 'डबल इंजन' की सरकार!**



इन दिनों डबल इंजन की सरकार का बहुत शोर है। हर राजनीतिक भाषण में डबल इंजन की सरकार का उल्लेख किया जाता है। लेकिन, यहां हम जिस डबल इंजन की सरकार का उल्लेख कर रहे हैं वह कुछ अलग है। यह डबल इंजन की सरकार है शहडोल के दो वरिष्ठ अधिकारी जो हमेशा साथ साथ रहते हैं। डबल इंजन इसलिए कि वहां के कमिश्नर राजीव शर्मा और छत्र डीसी सागर दोनों ने अपनी दोस्ती से प्रशासन को डबल इंजन लगा दिए हैं। एक प्रशासन का मुखिया है, दूसरा कानून व्यवस्था का। संभाग में दोनों हर जगह साथ-साथ घूमते हैं। चाहे वह गांव का दौरा हो या कोई कार्यक्रम हो, मीटिंग हो, आपको दोनों की जोड़ी हर जगह नजर आएगी। शहडोल के लोग इसलिए इन दोनों को डबल इंजन की सरकार कहते हैं।

# राज- काजः धीरेंद्र शास्त्री जी! बचाइए खुद को इस चकाचौंध से

**दिनेश निगम 'त्यागी'**



छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम प्रमुख आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने जितने कम समय में सोहरत की बुलंदियों को छुआ है, उसी तरह उनका वविादों से भी नाता रहा है। सच कहें तो शास्त्री जी में शिखर पर पहुचंने का दंभ दिखने लगा है, वे राजनीतिक चकाचौंध के आगोश में भी फंस रहे हैं। दंभोक्ति ऐसी कि वे किसी को भी चुनौती देते और मसल देने जैसी भाषा का इस्तेमाल करते नजर आते हैं। राजनीतिक चकाचौंध इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे राजनेता उन्हें दंडवत कर उनके मंच से लोगों को संबोधित करने लगे हैं।

उनके अनुयायी ही कहने लगे हैं कि एक कथावाचक, विद्वान के लिए ये ठीक नहीं। संत तुकाराम और भगवान सहस्त्रबाहु के लिए उनकी टिप्पणियां भी लोगों को पसंद नहीं आईं। इनके कारण समाज का एक बड़ा वर्ग गुस्से से भर गया। शास्त्री जी को इसके लिए बार-बार माफी मांगनी पड़ी। वे माने या न माने लेकिन एक दलित की शादी में उनके भाई द्वारा मचाए गए उत्पात, जमीन पर कब्जे को लेकर लोगों के विरोध, पिछड़े वर्ग के कुछ नेताओं द्वारा बेवजह उलझने जैसी घटनाओं के कारण भी शास्त्री जी की साख पर बट्टा लगा है। आचार्य जी को चाहिए कि वे विवादों में उलझने की बजाय अपने काम पर फोकस रखें। यही उनके भविष्य के लिए ठीक है।

**एक और कांग्रेस नेता की पब्लिक मीटिंग से तौबा**



कांग्रेस में अब तक एक वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ही ऐसे हैं जो पब्लिक मीटिंग के स्थान पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं की बैठकें लेने पर भरोसा करते हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वे जनसभा में बोलेंगे तो कांग्रेस के वोट कट जाएंगे। एक वायरल वीडियो में खुद ऐसा कह कर वे ठहाका लगाकर हंसते दिखे थे। दिग्विजय लगातार दौरे पर हैं लेकिन कोई पब्लिक मीटिंग नहीं कर रहे हैं। कहते हैं इससे कांग्रेस को लाभ होता है। कांग्रेस के एक और बड़े नेता हैं अरुण यादव। उन्होंने भी कह दिया है कि आगे वे कोई पब्लिक मीटिंग नहीं करेंगे।

इसकी बजाय वे कार्यकर्ताओं की बैठकें लेंगे। दिग्विजय तक तो ठीक है। वे मंजे रणनीतिकार हैं, इसलिए काम का उनका तरीका अपनी जगह है लेकिन अरुण यादव को यह घोषणा क्यों करना पड़ गई। पब्लिक मीटिंग में भीड़ की समस्या है, पार्टी नेतृत्व की ओर से उन्हें ऐसा कोई हिंट दिया गया है या फिर कोई और वजह है, यह वे ही बात सकते हैं। फिलहाल उनकी इस घोषणा से राजनीतिक अटकलों का बाजार गर्म है। लंबे समय से उनके और कमलनाथ के बीच संबंध मधुर नहीं रहे। अरुण के पिता स्वर्गीय सुभाष यादव से जुड़े कार्यक्रम में कमलनाथ के पहुंचने से ऐसा लगा था कि मतभेद सुलझ गए हैं। क्या ये सच है, कोई नहीं जानता।

**भाजपा भी कांग्रेस जैसी**

कांग्रेस और भाजपा में अब कोई फर्क नहीं रहा। कांग्रेस के कई नेता कहते रहे हैं कि कांग्रेस एकजुट रहे तो उसे कोई नहीं हरा सकता। हां, कांग्रेस ही कांग्रेस को हरा सकती है। दिग्विजय सिंह प्रदेश के दौरे पर हैं और अब भी बैठकों में कह रहे हैं कि कांग्रेस को कांग्रेसी ही हराते हैं। कांग्रेस की यह बीमारी अब भाजपा में भी आ गई। लिहाजा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भी कह दिया कि कांग्रेस में भाजपा को हराने की हिम्मत नहीं, भाजपा ही भाजपा को हराती है।

साफ है कि कांग्रेस की राजनीतिक बीमारी अब भाजपा के अंदर प्रवेश कर गई है। गुटबाजी के चलते जिस तरह पहले कांग्रेस के नेता पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करते थे, भाजपा में भी वही होने लगा है। माना जाता था कि कांग्रेस में नेताओं का अपना वोट बैंक होता है। टिकट न मिलने पर वे अपना वोट किसी अन्य प्रत्याशी के पक्ष में डलवा देते थे। इसके विपरीत भाजपा के वोटर को ऐसा नहीं माना जाता। किसी नेता के कहने पर वह अपना मन नहीं बदलता और अपना वोट कमल के फूल को ही देता है। कैलाश के कथन से साफ है कि अब भाजपा बदल गई है। भाजपा में भी वह होने लगा जो कभी कांग्रेस में होता था। अर्थात भाजपा नेता चाहें तो पार्टी प्रत्याशी को हरवा सकते हैं। मतलब, यहां भी वोटर कमल के नहीं, नेताओं के हो गए हैं।

**भाजपा को राह दिखा गए दीपक**

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी के कांग्रेस में जाने से भाजपा को कितना नुकसान होता है और कांग्रेस को कितना फायदा, यह बाद में पता चलेगा। फिलहाल वे जाते-जाते भाजपा नेतृत्व और कई अन्य नेताओं को राह जरूर दिखा गए। सबसे बड़ा असर यह हुआ कि भाजपा जिन नेताओं को तरजीह नहीं दे रही थी, उनकी पूछपरख होने लगी।

इसीलिए वरिष्ठ नेताओं सत्यनारायण सत्तन, हिम्मत कोठारी और अनूप मिश्रा जैसे नेताओं को बुलाकर बात की गई। दूसरा असर यह कि जो नेता असंतोष के स्वर दबा कर बैठे थे, वे मुखर हो गए। भंवर सिंह शेखावत के बाद वरिष्ठ नेता कुसुम मेहदेले ने भी पार्टी नेतृत्व को आइना दिखा दिया। दीपक विजयवर्गीय के ट्वीट पढ़ने लायक हैं। दीपक जोशी के जाने के बाद उन्होंने ट्वीट किया कि 'जिम्मेदारों की बेहोशी और मदहोशी के कारण ही संकट पैदा होते हैं।' दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा कि 'कुछ तो वजहें जरूर होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं होता।' स्पष्ट है कि पार्टी के अंदर असंतोष और नाराजगी गहरे तक है। सत्तन, कोठारी और मिश्रा से बुलाकर बात की गई, ठीक है लेकिन यह पर्याप्त नहीं। मेहदेले, शेखावत और विजयवर्गीय की तरह पार्टी के अंदर असंतुष्टों की फौज है, भाजपा नेतृत्व ने इस समस्या को कंट्रोल न किया तो चुनाव में लेने के देने पड़ सकते हैं।

**क्या करेंगे भाजपा के मीडिया प्रभारी रहे लोकेंद्र?**

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी रहे लोकेंद्र पारासर को पार्टी का प्रदेश मंत्री बनाया गया है। सवाल यह है कि अब वे क्या करेंगे? दूसरे कई मीडिया प्रभारियों की तरह वे भी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। बताते हैं उन्होंने अपने लिए विधानसभा सीट भी तय कर रखी है। पर क्या पार्टी नेतृत्व उन्हें टिकट देगा? इस मसले पर मीडिया प्रभारियों का अब तक का इतिहास निराश करने वाला है। मीडिया प्रभारी रहे दीपक विजयवर्गीय हर बार टिकट मांगते हैं। टिकट मांगते-मांगते वे पार्टी से ही किनारे हो गए हैं। स्वर्गवासी हो चुके विजेश लुनावत को भी न राज्यसभा मिली और न ही पार्टी का टिकट। मीडिया प्रभारी रहे डॉ हितेश वाजपेयी और गोविंद मालू भी सिर्फ टिकट का इंतजार ही कर रहे हैं। साफ है भाजपा नेतृत्व ने अब तक किसी मीडिया प्रभारी को चुनाव नहीं लड़वाया। अलबत्ता, प्रभात झा जरूर ऐसे अपवाद हैं जो मीडिया प्रभारी के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ राज्यसभा सदस्य भी रहे। विधानसभा चुनावों के ठीक 6 माह पहले लोकेंद्र को हटाने से कई तरह की अटकलें हैं और उनके राजनीतिक भविष्य वे को लेकर कई तरह के कयास भी। वे संगठन का काम देखते हैं, निगम-मंडलों में जगह पाते हैं, वापस पत्रकार बनते हैं या टिकट हासिल कर चुनाव लड़ते हैं, देखना दिलचस्प होगा।

# कर्नाटक में कांग्रेस की विशाल जीत

**एन. के. त्रिपाठी**

भाजपा के अधिकांश ज़मीनी कार्यकर्ताओं को कर्नाटक में कांग्रेस की शानदार विजय पर कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। भाजपा के कुछ समर्पित कार्यकर्ताओं को तो कर्नाटक की हार का विशेष दुख भी नहीं है क्योंकि वहाँ विगत कुछ वर्षों से जिस प्रकार की सरकार चल रही थी वह भाजपा के लिए कोई गर्व की बात नहीं थी। एक भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता ने अपने ठेके के लिए 40 प्रतिशत कमीशन माँगे जाने का आरोप लिखित रूप से लगा कर आत्महत्या कर ली थी। इस आत्महत्या की गूंज चुनाव तक पूरे कर्नाटक में छायी रही। भाजपा के पीएफआई के आतंक के मुद्दे के विरुद्ध कांग्रेस ने 40 प्रतिशत कमीशन के आतंक को अपना मुख्य मुद्दा बनाया। भाजपा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई करती हुई भी नहीं दिखाई नहीं पड़ी थी। कांग्रेस ने बड़ी एकाग्रता और चतुराई से केवल अपने मुद्दों को उठाया और मोदी के विरुद्ध कोई मोर्चा नहीं खोला। कर्नाटक मे पिछले कुछ दशकों से सत्तारूढ़ सरकारें चुनावों में एंटी इनकम्बेंसी के कारण लगातार बदलती रही हैं। फिर भी केवल यह तथ्य भाजपा की करारी हार को नहीं समझा सकता है।

अनेक वर्षों से शिथिल पड़ी और निराशा में डूबी कांग्रेस में इस शानदार विजय से एक नया रक्तसंचार हो गया है। उसके दूसरे राज्यों के कार्यकर्ताओं में भी उनका गिरा हुआ मनोबल अब उत्थान की ओर है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व अर्थात गाँधी परिवार का आत्मविश्वास भी वापस लौट आएगा। उनके निकटस्थ सलाहकारों की स्थिति भी और मज़बूत हो जाएगी। उन्होंने आनन फ़ानन में यह हिसाब बता दिया कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जिन क्षेत्रों से गुज़रे थे वहाँ पार्टी को दो तिहाई सीटें मिली हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों को अब राहुल गांधी को और गंभीरता से लेना होगा। फिर भी कर्नाटक की कांग्रेस की विजय का मुख्य श्रेय डी के शिवकुमार और सिद्धारमैया के सशक्त चुनाव संचालन को जाता है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होने आपसी प्रतिद्वंदिता को किनारे रखकर तालमेल से कार्य करने का एक उदाहरण अन्य राज्यों के कांग्रेसियों के समक्ष प्रस्तुत किया है।

इस चुनाव में जद एस को भी झटका लगा है। यह पार्टी मैसूर क्षेत्र में अपना गढ़ बनाकर किंग मेकर की भूमिका अदा करना चाहती है। प्रथम दृष्ट्या कहा जा रहा है कि उसका मुस्लिम वोट बैंक खिसक कर कांग्रेस की ओर चला गया है। मुस्लिम वोट बैंक की पोषक क्षेत्रीय पार्टियों के लिए यह अच्छे भविष्य का संकेत नहीं है। इन चुनावों से हिंदू वोटों को जातियों के आधार पर बाँटने को और प्रोत्साहन मिलेगा। जहाँ भाजपा हिंदुओं को धर्म के नाम पर एक करने का प्रयास करेगी वहीं विपक्षी दल जातिगत भावनाओं को भड़काकर हिंदू एकीकरण को कमज़ोर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। जातियों की गणना करने की माँग और ज़ोर पकड़ सकती है। भाजपा के लिए यह भी निराशाजनक है कि कर्नाटक में उसका ध्रुवीकरण करने का प्रयास विफल रहा है। उसे ध्रुवीकरण करने के लिए नए मुद्दे ढूंढने होंगे।



कुछ क्षेत्रीय क्षत्रपों को कांग्रेस की विजय की विशालता पसंद नहीं आएगी। विपक्ष दलों के बीच कांग्रेस का दबदबा बढ़ेगा और कुछ लोगों की प्रधानमंत्री पद प्राप्त करने की महात्वाकांक्षा पर अंकुश लगेगा। यद्यपि सामान्य रूप से यह लगता है कि कर्नाटक की इस विजय से विपक्षी एकता को 2024 के लोक सभा चुनाव के परिपेक्ष्य में बल मिलेगा परन्तु इसमें कुछ कठिनाइयां बढ़ भी सकती हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने अनेक लोक- लुभावन ख़ैरात बाँटने की घोषणा की है। कर्नाटक भारत का तीसरे नंबर का सबसे समृद्ध राज्य है और उसका बजट इन घोषणाओं का भार सहन कर लेगा। आशंका यह है कि बड़ी जनसंख्या वाले पिछड़े राज्यों में भी राजनैतिक दलों के बीच में घोषणाओं की बोली लगाने की होड़ लग सकती है। सरकारी कोष को राजनीतिक निहित स्वार्थों के लिए लुटा देने से अधोसंरचना की दीर्घकालिक योजनाओं में बाधा आ सकती है और आर्थिक प्रगति खटाई में पड़ सकती है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पीछे खिसक सकता है। अगले कुछ वर्षों तक राजनीतिक घोषणाओं की बहार चलती रहेगी और राजनीति और आर्थिक विवेक में राजनीति हावी हो जाएगी।

कर्नाटक में भाजपा के प्रचार का पूरा भार मोदी के कंधों पर था। भाजपा का कर्नाटक का नेतृत्व लचर था इसलिए मोदी की भूमिका और भी केंद्रबिंदु में आ गई। भाजपाकी हार का ठीकरा उनके पास तक पहुँचता है। लेकिन विपक्षी दलों को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि मोदी की राष्ट्रीय छवि को कोई नुक़सान पहुँचा है। कर्नाटक का चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा गया था। मोदी कर्नाटक की हार के बाद भी सशक्त राष्ट्रीय नेता हैं। आगामी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में यदि भाजपा चुनाव हार जाती है तो भी मोदी को कम आंकना विपक्षी दलों के लिए ख़तरनाक होगा। पूरे देश में बड़ी संख्या में लोगों की यह अनुभूति है कि देश की राष्ट्रीय समस्याओं का दृढ़ता से सामना मोदी के समान फ़िलहाल भारत में कोई और नेता नहीं कर सकता है। फिर भी भाजपा को सभी राज्यों में सशक्त स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देना चाहिए और अति केंद्रीकरण से दूर रहना चाहिए।

कर्नाटक में कांग्रेस की जीत को दलगत दृष्टि से उठकर अगर देखा जाए तो यह जीत भारतीय प्रजातंत्र के लिए एक स्वस्थ सबेरा है। हमारा संविधान भारत की जनता को सार्वभौमिक अधिकार देता है और जनता को इस अधिकार का उपयोग करते रहना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## जल्द शुरू हो रही एक और यात्री ट्रेन

नैनपुर से मंडला के लिए दोपहर मे एक और ट्रेन प्रारंभ हो रही है जो नैनपुर से मंडला की और चलेगी, अभी जो ट्रेन छिंदवाड़ा से नैनपुर सुबह 11 बजे पहुँचती है, इसे मंडला फोर्ट तक बढ़ाया जा रहा है। इस प्रकार अब मंडला के लिए तीन सबारी गाड़ी चलेगी, जल्द इस नई गाड़ी को केन्द्रीय मंत्री फग्गन् सिंह हरी झंडी दिखावेन्गे,,, जिसकी तिथि इसी माह होगी।

## जेपी शर्मा द्वारा प्रत्यक्ष हुई क्षेत्र में विधायक प्रतिनिधि की दावेदारी

ओबैदुल्लागंज । रविवार को हिरानिया निवासी भाजपा के जय प्रकाश शर्मा द्वारा 06 बसें एवं लागभग 40 से ऊपर का रे भरकर भोपाल स्थित डीबी मॉल ले जाया गया। उक्त ख़बर में उल्लेखनिय बात यह है कि औबेदुल्लागंज से डीबी मॉल भोपाल तक फ़िल्म देखने पहुंचीं अधिक मात्रा में छोटे बच्चे, युवतियां, महिलाएँ एवं बुजुर्ग शामिल थे। फ़िल्म देखने के बाद उत्सव मैरिज गार्डन में 550 लोगों के स्वरूचि भोज की व्यवस्था भी रखी गई। उक्त रविवार के कार्यक्रम से स्पष्ट हो गया कि जेपी शर्मा ने भौजपुर विधानसभा में विधायक प्रतिनिधि की देवेदारी पूर्णतः रख चुके हैं। मदर्स-दे के अवसर पर इतनी बड़ी मात्रा में मातृशक्ति के साथ यात्री वाहनों एवं निजी वाहनों में द- केरल स्टोरी देखने जाने की चर्चा क्षेत्र में मौखिक एवं शोषल मीडिया के माध्यम से भाजपा में हल-चल की स्थिति पैदा कर दी है। आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री पद्मविभूषण सुंदरलाल पटवा के पुत्र क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा की अनेकों जीत के बाद भी क्षेत्र में स्थानीय विधायककी मांग उठती रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में सुरेंद्र पटवा के अलावा भाजपा से जेपी शर्मा, गौरीशंकर नागर, गणेश मालवीय एवं अन्य कई छुपे नाम भारतीय जनता पार्टी से चुनाव की टिकट लेने की कतार में हैं।

## क्रिकेट मैच का आयोजन

नैनपुर – पिंडरई में चल रहा रथ टोला में क्रिकेट मैच में हजारों की संख्या में दर्शक दीर्घा में लोग मौजूद रहे मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मौजूद आपके साथ विधायक देव सिंह सेयाम,विधायक डॉ अशोक मर्सकोले नारायण पट्टा पूर्व राज्य सभा सदस्य श्रीमती संपतिया सहित बीजेपी कांग्रेस के नेता जन प्रति निधि मौजूद रहे जिला पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पूर्व भाजपा के अध्यक्ष प्रमोद जैन बालकृष्ण खंडेलवाल एवं कांग्रेस के जिला अधक्ष राकेश तिवारी भी मौजूद रहे मजे की बात ये है की इस क्रिकेट मैच में आने वाले विधान सभा चुनाव के सभी कांग्रेस बीजेपी के दावेदार भी मौजूद रहे फाइनल मैच प्रथम टीम को दो लाख और द्वितीय टीम को एक लाख रुपए दिए गए आयोजन समिति के साथ ही समिति के प्रमुख जीतू राजपूत ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति ने जनप्रतिनिधियों खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं आने वाले समय पर ऐसे ही आयोजन के लिए सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की आयोजन के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते में खेल के प्रति जागरूकता के लिए स्टेडियम की मांग पर गंभीरता से प्रयास करने पर बल दिया

## जूनापानी गांव मे एच डी एफ सी बैंक ने किसान मिलन समराहो का किया आयोजन

बैरसिया।। तहसील बैरसिया के ग्राम जुनापनी मे शनिवार एच डी एफ सी बैंक ने किसान मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें बैंक के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद थे। एच डी एफ सी बैंक कलस्टर हेड विवेक शर्मा ने कहा कि हमारा मकसद हर किसान के दरवाजे तक बैंकिंग सेवा को ले जाना .बागवानी, डेयरी फार्मिंग, फूड प्रोसेसिंग के साथ-साथ कृषि उत्पादों के परिवहन और भंडारण जैसी कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कई प्रकार के कृषि लोन प्रदान करता है। आगे कहा कि हमें विश्वास है कि ऐसी पहल ग्रामीण ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने, उनके यहां संपन्नता लाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने में मददगार होंगी. इसी मौके पर एचडीएफसी बैंक की सरकारी स्कीम ( पी एम एफ एम इ ) ( ए आई एफ ), ( एस एम एफ ) से किसानों बा ग्रामीणों को को अवगत कराया इस मोके पर एच डी एफ सी बैंक रिलेसनशिप मैनेजर बृजेश परिहार, अरविन्द मालवीय, ऋषव तोमर , हेमंत रई, महेश दांगी, राजकुमार दांगी, रोहित प्रजापति, सागर नामदेव के साथ ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ जिताने का संकल्प लिया

धार ! भाजपा धार नगर सेनापति मंडल में बूथ विजय संकल्प अभियान




के अंतर्गत विभिन्न बूथों के क्लस्टर की एक दिवसीय कार्यशाला स्थानीय मातेश्वरी गार्डन में संपन्न हुई । कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद शर्मा ने संबोधित किया उन्होंने कहा कि हम सभी एक राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्ता हैं हमने राजनीति को सेवा का पर्याय मानकर राष्ट्रहित को प्रथम रखा है आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनमानस के बेहतर जीवन स्तर के साथ-साथ उनके कल्याण के लिए अनेक जन हितेषी योजनाएं भाजपा सरकार ने दी है, जिससे प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हुआ है साथ ही धार विधानसभा विस्तारक सुखराम दामनिया और अभियान जिला संयोजक व मंडल प्रभारी जगदीश जाट मंचासीन थे । उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक मनीष प्रधान ने बताया कि मंडल की रचना अनुसार सेनापति मंडल में महाराजा भोज शक्ति केंद्र डॉ. भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र और पं. दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के कलस्टर में स्थानीय शक्ति केंद्र के जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष-त्रिदेव, पन्ना प्रमुख व बूथ समिति में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें अपेक्षित श्रेणी का पंजीयन, खेलकूद व संगठनात्मक कार्यो पर वैचारिक सत्र व समरसता सहभोज हुआ ।

## सुरेंद्र अग्रवाल संभाग अध्यक्ष, प्रतीक खरे बने संभाग महासचिव

छतरपुर छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार और अपनी धारदार लेखनी के लिए प्रसिद्ध न्यू राष्ट्र भ्रमण के संपादक सुरेंद्र अग्रवाल को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सागर सम्भाग इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अभी तक श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महासचिव रहे पत्रकार प्रतीक खरे संभागीय महासचिव नियुक्त किए गए हैं। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने आज यह नियुक्ति आदेश जारी किया है। छतरपुर के दोनों आदरणीय पत्रकार साथियों को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

## मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना लॉटरी से पात्र आवेदकों का चयन कल

छतरपुर जिले में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत सेक्टर अनुसार पात्र आवेदकों के मध्य चयन प्रक्रिया लॉटरी सिस्टम के माध्यम से 13 मई को समय 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कि जा रही है। शासन के निर्देशानुसार लॉटरी सिस्टम के पूर्ण पारदर्शिता हेतु उक्त आयोजन में चयन समिति के सदस्यों से निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थिति होने कि अपील की गई है।

# दलाल और प्लॉट मालकिन के खिलाफ़ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

शिवपुरी - कोतवाली थनान्तर्गत प्लाट बेचने के दौरान दलालों ने प्लाट मालिक के साथ मिलकर देवरानी-जेठानी के साथ धोखाधड़ी कर दी। देवरानी-जेठानी ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने दो दलालों सहित प्लाट की मालकिन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार राठौर मोहल्ला छावनी की रहने वाली रीना राठौर पत्नी जयकुमार राठौर ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मैंने और मेरी जिठानी रेखा राठौर पत्नि राकेश राठौर ने दलाल मोहम्मद इरफान खान पुत्र चुन्नेखान निवासी हम्माल मोहल्ला कलार गली वार्ड नं. 6 शिवपुरी और कैलाशनारायण शर्मा पुत्र बालकृष्ण शर्मा निवासी इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी शिवपुरी के जरिए ऊषा शर्मा पत्नी ड. एन. के. शर्मा निवासी ग्राम सिरसौद, तहसील व जिला शिवपुरी हाल निवासी तारा मण्डल के सामने हरीओम बिहार जिला उज्जैन से सरक्यूलर रोड खुडा वार्ड न. 2 संतोषी मां मंदिर के पीछे सर्किट हाउस रोड पर साडे तेरह बाई पचास वर्गफीट का एक प्लाट खरीदा था। दोनो प्लाट पास पास में थे। जिनकी रजिस्ट्री व नामांतरण भी हो चुके है।

फरियादियों के अनुसार कैलाशनारायण शर्मा व मोहम्मद इरफान ने ही प्लाट को 27 बाई 50 वर्गफीट नापा था व उनके कहने पर ही हमने प्लाट की रजिस्ट्री करवाई थी। प्लॉट 680 रूपए प्रति स्क्रायर फिट की रेट में खरीदा था, जिसकी कुल राशि हमनें 9 लाख 18 हजार रूपए का भुगतान कर दिया था। लेकिन जब हमनें अपने दोनों प्लाट को नपवाया तो वह प्लाट 27 बाई 40 ही निकला और हमसे 10 फुट जगह के ज्यादा रुपए ले लिए गए हैं।दोनों दलाल और प्लाट मालकिन ने धोखाधड़ी करते हुए हमसे 10 फिट के 1 लाख 83 हजार रूपए ज्यादा ले लिए। जब दलाल व प्लाट मालकिन से पैसे मांगने जाते हैं तो वे गाली गलौज करते हैं।कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद दलाल मोहम्मद इरफान खान, कैलाशनारायण शर्मा और प्लाट का विक्रय करने वाली ऊषा शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब और जुआरी पकड़े

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक रघुवंशसिंह भदौरिया के नेतृत्व में अपराधों और माफियाओं के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्यवाहियों के ऋम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन मे थाना बैराड द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुये 60 लीटर देशी कच्ची शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की है । थाना बैराड़ के उनि अरविंदसिंह चौहान द्वारा मुखबिर की सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुए 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब व मौके पर ड्रम व कट्टी को विधिवत जप्त किया गया एवं करीवन 500 ली. लहान को नष्ट किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अप.क्र. 156/2023 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । वहीं खनियाधाना टीआई धनेंद्र सिह भदौरिया द्वारा मुखबिर की सूचना पर दविस देकर नीलम पुत्र प्राण सिह यादव, गोपाल पुत्र अवधेश चौबे, रंजीत पुत्र अतर सिह लोधी,पवन पुत्र राधेलाल जाटव, रामसेवक पुत्र दयालीराम अहिरवार,निवासीगण ग्राम मुडिया के सामने फड़ से कुल 10800 रुपये नगदी व एक ताश की गड्डी समेत जुआ खेलते हुए धर दबोचा। आरोपीगणो के विरूध्द अपराध ऋमांक 261/2023 धारा 13 जुआ एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

## मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना के फॉर्म वितरित किए मंत्री एवम् विधायक ने

धार। प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने रविवार को बिडवाल समिति प्रांगण में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के अंतर्गत माफी योजना के फार्म वितरित किए गए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के आवेदन पत्र वितरण कार्यक्रम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति डेहरीउपड़ी में विधायक धार श्रीमती नीना वर्मा के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पात्रताधारी किसान एवं जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिन्हें अतिथियों द्वारा योजना के आवेदन पत्र वितरण किये गये। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कहा गया कि मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना शासन की अतिमहत्वाकांक्षी योजना है, इसका शत-प्रतिशत पात्रताधारी किसान लाभ उठाये। उपायुक्त सहकारिता वर्षा श्रीवास के द्वारा बताया गया कि योजनान्तर्गत 31 मार्च की स्थिति पर मूलधन एवं ब्याज सहित राशि 2 लाख रुपए तक बकाया होने पर शासन के द्वारा ब्याज की राशि माफ की जावेगी। इस हेतु पात्रताधारी किसान को आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र सहकारी समितियों तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखाओं से निःशुल्क प्राप्त होगा। आवेदन पत्र को भरने हेतु भी सहकारी समितियों एवं सहकारी बैंक के कर्मचारी किसानों की सहायता करेगें। किसी किसान को योजना के संबंध में कोई आपत्ति होने पर वह समितियों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकेगा। आपत्तियों का निराकरण कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग समिति के द्वारा किया जावेंगा। धार जिले की 94 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कुल 30 हजार 778 किसान मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना अंतर्गत पात्रता धारण करते है। जिनका 47 करोड 74 लाख रुपए का ब्याज माफ किये जाने हेतु जिले की सभी समितियों में पात्रताधारी किसानों की सुची प्रदर्शित कर उनसे आवेदन पत्र वितरण कर आगामी कार्यवाही किये जाने हेतु समिति एवं बैंक के सभी संलग्न अमले को मुस्तेद कर दिया गया है।

## विधायक द्वारा ब्याज माफी योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्ति अभियान का किया शुभारम्भ

बैरसिया।। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों के लिए सबसे बड़ी योजना मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के अंतर्गत आवेदन प्राप्ति अभियान का 14 मई को शुभारम्भ किया है। उसी के पालन में क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री द्वारा कोआपरेटिव सेंट्रल बैंक शाखा बैरसिया द्वारा आयोजित कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के अंतर्गत आवेदन प्राप्ति अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि पूर्व में ऋष्ण माफी की उम्मीद में बहुत से किसान डिफाल्टर और सोसायटी से खाद बीज लेने से बंचित हो गए थे। ऐसे किसानों की परेशानियों को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों के लिए कृषक ब्याज माफी योजना 2023 शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों से सम्बंध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के ऐसे कृषक जिन पर 31 मार्च 2023 की स्तिथि मै मूलधान और व्याज सहित कुल 2 लाख रुपये देने बाकी है।और जो डिफाल्टर है।उन किसानों की राशि सरकार द्वारा माफ कर दी जाएगी। इस योजना से प्रदेश के लगभग 11 लाख 19 हजार डिफाल्टर किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार 2200 करोड़ रुपये सेअधिक राशि का व्याज माफ करेगी।और इस राशि की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार करेगी। भोपाल कोआपरेटिव सेंट्रल बैंक शाखा बैरसिया के प्रबंधक समी उल्ला कुरेशी ने बताया कि भोपाल सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक से सम्बंध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ललरिया,सोहाया, पीपलखेड़ा, बबचिया, ललाई,एवं बैरसिया के डिफाल्टर कृषको से मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना 2023 के अंतर्गत आवेदन लेना प्रारम्भ कर दिया गया है।बैरसिया क्षेत्र की सभी समितियों से 2196 किसानों के 58584553 का कर्ज माफ होगा। इस अवसर पर पूर्व भोपाल कोआपरेटिव सेंट्रल बैंक के पूर्व अध्यक्ष विजय तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नपा अध्यक्ष राजमल गुप्ता पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष गोपाल सिंह मीणा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल आगर नगर मंडल अध्यक्ष आशीष सारडा कृषक सेवा सहकारी समिति बैरसिया के पूर्व अध्यक्ष हमीर सिंह ठाकुर भोपाल कोआपरेटिव सेंट्रल बैंक के एम डी आर के हजारी बैंक के कर्मचारी बहादुर सिह जाट भगवान सिंह दांगी रघुवीर सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद थे।

## कल्लू ठेकेदार हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार

दमोह दिन-दहाडे गोली एवं चाकू मारकर कलू रैकवार (ठेकेदार) हत्याकांड के 10-10 हजार के ईनामी आरोपियों को कोतवाली पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार दमोह घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 06.05.2023 को मछली ठेकेदार कलू रैकवार पित्ता कन्हैया रैकवार उम्र 45 साल निवासी फुटेरा वार्ड नम्बर 05 को पुरानी बुराई के चलते सौरभ वंशवर्ती एवं दीपक वंशवर्ती एवं उनके अन्य साथियों द्वारा गोली चलाकर एवं चाकू से कलू रैकवार के चेहरे गर्दन एवं सीने पर कई वार किये गये जिस कारण कलू रैकवार के परिजनों द्वारा कलू रैकवार को जिला अस्पताल दमोह में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जो दौरान इलाज डॉक्टर द्वारा कलू रैकवार को मृत घोषित किया गया जो दीपक वंशवर्ती, सौरभ वंशवर्ती एवं उनके अन्य साथियों के विरूद्ध अप.क्र. 393 /23 धारा 302,34 ता. हि. 25/27आर्मस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### अभी कुछ ओर आरोपी गिरफ्तार होना शेष

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में कलू ठेकेदार की हत्या की साजिस एवं अन्य आरोपियो की तह तक जाने के लिये एस.आई.टी. गठन किया गया एवं आरोपियान की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10000-10000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया जो अति. पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह एवं एस.डी.ओ.पी. हटा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. विजय राजपूत द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु पृथक पृथक स्थानों हरियाणा दिल्ली, इंदौर, भोपाल जबलपुर, कटनी, में पुलिस टीम रवाना की जाकर आरोपीगणो एवं उनसे संबंधित परिजनो की तलाश की गयी जो सायबर सेल की सहायता से दीपक वंशवर्ती, सौरभ वशवर्ती एवं उनके अन्य साथियों की लॉकेशन भोपाल जिले में होने पर कोतवाली पुलिस द्वारा भोपाल पुलिस से संपर्क किया गया एवं आरोपियों की फोटोग्राफ हुलिया एवं उक्त घटना से अवगत करते हुये दमोह पुलिस एवं भोपाल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से कलू रैकवार हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तार किया गया।

वारदात का कारण / तरिका वारदात मृतक कलू रैकवार एवं इसके अन्य साथियों द्वारा पूर्व में सौरभ वंशवर्ती, दीपक वंशवर्ती,और मथुरा वशवर्ती, राहुल यादव के साथ मारपीट की थी जिसके चलते उक्त समस्त आरोपियो कलू रैकवार से थी, जिसके चलते चारो आरोपियों द्वारा विक्की बाल्मिक, शिवा रैकवार, अजय उर्फ अज्जू अहिरवार, ऐफाज खान द्वारा कलू रैकवार के आने जाने उठने बैठने के स्थानों को चिन्हित करने हेतु कहा गया, जो विक्की बाल्मिक, शिवा रैकवार, अजय उर्फ अज्जू अहिरवार, ऐफाज खान द्वारा कलू रैकवार के आने जाने उठने बैठने के बारे में हत्याकांड के मुख्य आरोपियों को उसकी जानकारी दी एवं दिनाँक वक्त घटना को मोटर सायकिल मोबाईल फोन का उपयोग करते हुये विक्की बाल्मिक, शिवा रैकवार, अजय उर्फ अज्जू अहिरवार, अहफाज खान द्वारा कलू की वर्तमान लॉकेशन की जानकारी मुख्य आरोपियो तक भेजते रहे जो जानकारी के आधार पर मुख्य आरोपियों द्वारा योजनबद्ध तरिके से गोली मारकर एवं चाकू से कलू रैकवार के चेहरे गर्दन एवं सीने पर कई वार कर हत्या की। प्रकरण में आरोपियों से पूछताछ जारी हैं एवं प्रकरण में आये हुये साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जा रही है,एवं प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश पतारसी जारी हैं।

# संजीवनी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान नवजात शिशु की हुई मौत

## चिकित्सकों पर परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

रोहित चौधरी बरेली 7 तहसील बरेली मुख्यालय पर इन दिनों मोटी रकम कमाने के लिए जगह-जगह अस्पताल खुल रहे हैं इन अस्पतालों में जबकि कोई भी उच्च स्तरीय सुविधाएं नहीं है स्थानीय प्रशासन भी इस और ध्यान नहीं देता बिना अनुभवी डॉक्टर और नर्स कई अस्पतालों में कार्य कर रहे हैं क्षेत्र के भोरे बारे लोग शिकार होते हैं ताजा मामला बरेली कामतौन के बीच स्थित प्राइवेट संजीवनी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत का सामने आया है परिजनों ने चिकित्सकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं 7 परिजनों ने नवजात शिशु की मौत की खबर सुनते ही हंगामा शुरू कर दिया सूचना लगते ही बरेली पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले को शांत कराया परिजनों ने बताया कि महिला वंदना सोनी बरेली किनगी रोड निवासी को प्रसव पीड़ा होने पर बरेली संजीवनी अस्पताल में भर्ती किया गया इस दौरान डाक्टरो ने परिजनों को बताया कि महिला की नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी समय बीता गया सुबह से शाम हो गई अचानक शाम होते ही गर्भवती महिला को डॉक्टर परिजनों से बिना पूछे




ऑपरेशन रूम में ले और महिला के ऑपरेशन से डिलीवरी कर दी ऑपरेशन थिएटर से बाहर निकलते ही डॉक्टरों ने परिजनों को कहां की नवजात शिशु की हालत सीरियस है और हमें एंबुलेंस से रायसेन के लिए भेज दिया बाड़ी के यहां एंबुलेंस में मौजूद नर्स कहने लगी कि बच्चे की सांसे रुक रही हैं जब परिजनों तत्काल बच्ची को देखा तो बच्ची बुरी तरह नीली पड़ी हुई थी गर्भवती महिला की सासु मां ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों पर जबरदस्ती डिलीवरी करने का आरोप लगाया और नवजात शिशु की मौत का जिम्मेदार भी अस्पताल प्रबंधक को ठहराया परिजनों ने बरेली थाने में भी शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है जिससे कि लापरवाही का शिकार और कोई मरीज ना हो पाए 7

### सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस

सूचना लगते ही बरेली पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों को समझाकर शांत कराया और थाने लेकर आई परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ बरेली थाने में शिकायत दर्ज कराई थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## छींद मंदिर पहुंचे एसपी अमृत मीणा ने मंदिर प्रबंधन को दिए निर्देश मंदिर के आसपास भिक्षावृत्ति पर लगे पूर्णतः रोक

बरेली। शनिवार को छींद मंदिर में थाना प्रभारी आशीष सप्रे द्वारा आयोजित सुंदरकांड और भंडारे में रायसेन जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा शामिल हुए इस बीच एडिशनल एसपी ने रामसत्ता कीर्तन में जमकर आनंद लिया और उद्बोधन में कहा कि गो कोटि दानं ग्रहणेषु काशी प्रयाग गंगा युत कल्प वासः यज्ञागतं मेरू सुवर्ण दानं गोविंद नाम्ना न कदापि तुल्यम यदि पूर्ण ग्रहण के अवसर पर काशी धाम में एक करोड़ स्वर्ण मढ़ी सींग वाली गऊएं दान की जाये दस हजार वर्ष तक प्रयाग में कल्पवास किए जाये और यज्ञ करके सुमेरु सोने के पर्वत को ही दान कर दिया जाए और इस सब के फल को एक पलड़े तराजू में रख दिया जाए और एक गोविंद नाम को दूसरे पलड़े मैं रख दिया जाए तो भी एक गोविंद नाम भारी पड़ेगा अर्थात जीवन में भगवान नाम लेने से ही पुण्य मिलता है जीवन में ऐसे धार्मिक आयोजन करते रहना चाहिए एवं सभी को बधाई दी 7



भिक्षावृत्ति हो बंद ----

मध्यप्रदेश में भिक्षावृति समाप्त करने करने ताथा भिक्षावृति मागं रहे लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए तमाम कार्यक्रम चल रहे हैं लेकिन स्तिथि में सुधार नजर नहीं आता, यह स्तिथि जब है जब मध्यप्रदेश में भिक्षावृति निवारण अधिनियम लागू है इसके तहत भीगं मांगना और मगबाना दंडनीय अपराध है, इसके बाबजूद मन्दिरो धार्मिक स्थलों शहर के मुख्य चौराहों पर भिखारियों और नन्हे बच्चे भीख मांगते नजर आ रहे हैं छींद धाम पहुंचे एडिशनल एसपी अमृत मीणा ने भिक्षावृत्ति को लेकर चिंता जाहिर की मीणा ने मंदिर प्रबंधक अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी को सुझाव और निर्देश दिए कि मंदिर के समक्ष मुख्य द्वार पर हो रही भिक्षावृत्ति पर पूर्णता रोक लगे और सुझाव दिया कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई जा रही राशि मैं से कुछ राशि जीवनवय के लिए भिक्षावृत्ति मांग रहे लोगों को भले ही दी जाए लेकिन मंदिर के समक्ष भिक्षावृत्ति पर पूर्णता रोक लगे नहीं तो कार्यवाही करेंगे7

# वेयरहाउसों में सांठगांठ :पहले फेल फिर माल रखवाया जा रहा अग्रवाल गोदाम में

## किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने लगाये अनाज अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप

दमोह दमोह सरकार लाख जतन कर ले किसानों की माली हालत सुधारने परंतु उन योजनाओं को अमलीजामा पहनाने वाले सरकार की योजनाओं का फायदा किसानों को नहीं खुद अपना पेट भरने और भ्रष्टाचार करने में लगे हैं जवकि किसान अपनी फसल का पैसा मिलने दर व दर भटकने मजवूर है। ऐंसा ही वाक्या एक वार फिर लगातार चर्चाओं में रहने वाले अग्रवाल वेयरहाउस में विगत दिवस घटा जव वेयरहाउस संचालक, खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर, को आपरेटिव बैंक के अधिकारियों और समिती प्रवंधकों की मिली भगत से किसानों के इतर रद्दी माल फेल होने के वावजूद किसानो के नाम पर वेयरहाउस में रखा जाने लगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रवाल वेयरहाउस में तैनात सर्वेयरों शंकर कुर्मी और राजू सींग ने एक आवेदन पत्र एसडीएम दमोह को देते हुए शिकायत की कि 12 मई 23 को एमपी 34 एच 0573 से अग्रवाल वेयरहाउस में समिति द्वारा किसानों का खरीदा माल जो हमलोगों द्वारा गुणवत्ता हीन होने पर फेल कर दिया था उसे 13 मई 23 को विना अपग्रेड चालान के वेयरहाउस में खाली करा लिया गया है जिसकी जवावदारी सर्वेयरों की नहीं होगी।

इसके वाद भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुड्डू पटेल वेयरहाउस पहुंचे और उन्होंने वेयरहाउस आयी गाड़ियों के माल को चैक किया तो वह मनुष्यों तो छोडिये जानवरो के खाने योग्य भी नहीं था जिसकी शिकायत उनके द्वारा तुरंत कलेक्टर दमोह मयंक अग्रवाल से की।

**सांठगांठ से चल रहा वडा भ्रष्टाचार का खेल** वकोल गुड्डू पटैल भाजपा किसान मोर्चा अग्रवाल वेयरहाउस में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राजेश पटैल, वेयरहाउस मैनेजर ग्यादीन पटैल द्वारा सर्वेयरों को डरा धमकाकर फेल माल को जवरजस्ती वेयरहाउस में रखा जा रहा है। अधिकारी और वेयरहाउस प्रवंधक खुलेआम समिति प्रवंधकों से पैसे ले रहे हैं। पूरे अग्रवाल वेयरहाउस में ऐंसा ही माल रखा जा रहा है यदि कोई चैक कर ले तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

**आखिर खराव माल आया कहां से** इस प्रश्न पर गुड्डू पटैल किसान मोर्चा अध्यक्ष का कहना है कि यह रद्दी माल किसानों का है ही नहीं, किसानों के नाम पर समितियों द्वारा व्यापारियों से व्लैक में खरीदा गया है, यह खेल खुलेआम अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है जिसमें कोआपरेटिव बैंक महाप्रबंधक कनोजिया, नागरिक आपूर्ति के राजेश पटैल, वेयरहाउस संचालक और समितियों की मिलीभगत से व्यापारियों का रद्दी माल खपाया जा रहा है।

**सर्वेयरों को दी जाती है धमकियां** इस भ्रष्टाचार से खराब रद्दी माल को खपाने वाले गुट का नैक्सस इतना वडा है कि वे घटिया माल को रिजेक्ट करने वाले सर्वेयरों को धमकाकर चुप रहने कहते हैं, उन्हें व्लैकमेल करते हैं यहां तक की नौकरी से निकलवाने तक की धमकी देते हैं और रिजेक्ट माल विना अपग्रेड किये सीधा वेयरहाउस में रखवा देते हैं।

**किसान परेशान हो रहा है** इस रद्दी माल को खपाने के चक्कर में वेयरहाउस में माल रखकर आनलाइन शो करने में समय लग रहा है जिससे किसानों को होने वाला पेमेंट लेट हो रहा है क्योंकि जवतक वेयरहाउस मे माल रखकर आनलाइन शो नहीं होगा तवतक पेमेंट नहीं होगा। इससे किसानों का आक्रोश सरकार पर निकल रहा है। फुड इंस्पेक्टर राजेश पटेल का कहना है माल उतरवाने की जिम्मेदार हमारी नही है उसमे निगम कर्मचारीयो की जिम्मेदार होती है माल गलत उतरने की जानकारी लगने पर रोक लगाते है माल उतरवाने का काम नान का होता है गलत माल होता है तो वापस भेज दिया जाता है और आज सेन्टर विजिट कर रहै है ।

## बीते हफ्ते रिलायंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. को हुआ सबसे अधिक फायदा, आईटीसी-इन्फोसिस को घाटा




नई दिल्ली , एजेंसी। सेंसेक्स की टॉप-10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,26,579.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 973.61 अंक या 1.59 प्रतिशत के लाभ में रहा। टॉप-10 कंपनियों में सिर्फ आईटीसी और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक , आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक , एचडीएफसी और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में उछाल आया। समीक्षाधीन हफ्ते में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 28,956.79 करोड़ रुपये बढ़कर 16,80,644.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 28,759 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,16,391.77 करोड़ रुपये रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 23,590.05 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 9,31,095.12 करोड़ रुपये और टीसीएस का 15,697.33 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 11,97,881.94 करोड़ रुपये रहा।

## चवन्नी के शेयर ने एक झटके में बनाया लखपति



नई दिल्ली , एजेंसी। शेयर बाजार में कई ऐसे चवन्नी शेयर हैं, जिन्होंने निवेशकों की किस्मत पलट दी है। निवेशकों को रातोंरात अमीर बना दिया है। बाजार में गिरावट के बावजूद इन चवन्नी शेयरों में बंपर तेजी देखी गई है। इन शेयरों में निवेश करने वालों को तगड़ा मुनाफा हुआ है। ऐसा ही एक शेयर रमा स्टील टयूब्स का है। इसने निवेशकों को एक हजार फीसदी से ज्यादा का बंपर रिटर्न दिया है। बीते सप्ताह भी इस शेयर में तेजी देखी गई थी। यह शेयर 12 मई को 9 फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुआ था। पिछले एक साल में इस शेयर ने निवेशकों के पैसों को दोगुने से ज्यादा बढ़ा दिया है। बता दें कि यह कंपनी आयरन और स्टील प्रोडक्ट्स के कारोबार में है। यह स्टील कंपनी देश की प्रमुख कंपनियों में से एक है। रमा स्टील टयूब्स का मार्केट कैप 1602 करोड़ रुपये का है। अगर किसी निवेशक ने आज से आठ वर्ष पहले रमा स्टील टयूब्स के शेयरों में 10 हजार रुपये का निवेश किया होता तो आज शेयरों का भाव बढ़कर करीब एक लाख रुपये हो गया होता। इस शेयर ने निवेशकों का छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। शेयर में अभी भी लगातार तेजी देखने को मिल रही है। बता दें कि कंपनी अगले कुछ दिनों में मार्च तिमाही के नतीजे भी जारी करने वाली है।

## अदाणी ट्रांसमिशन को बोर्ड ने दी बाजार से एक अरब डॉलर जुटाने की मंजूरी




नई दिल्ली, एजेंसी। अदाणी समूह की ट्रांसमिशन कंपनी को इसके बोर्ड ने बाजार से एक अरब डॉलर ( 85 अरब रुपये ) जुटाने की मंजूरी दी है। इस संबंध में कंपनी ने शनिवार को कहा, अदाणी ट्रांसमिशन योग्य संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) व दूसरे मान्य तरीकों से इक्विटी शेयर बेचकर धन जुटाने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. और इसकी नवीकरणीय-ऊर्जा शाखा अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. को भी धन जुटाने के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए शनिवार को बोर्ड की बैठक आयोजित करनी थी, लेकिन ये बैठकें फिलहाल 24 मई तक स्थगित कर दी गई हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक तीनों कंपनियों के जरिये अदाणी समूह कुल 5 अरब डॉलर जुटाना चाहता है। जनवरी में अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग ने कई तरह के आरोप लगाए थे, जिसके बाद समूह की तमाम कंपनियों के शेयरों के मूल्यों में भारी गिरावट आई थी। अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों को खारिज कर मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी थी। फिलहाल, इस मामले में जहां बाजार नियामक सेबी जांच कर रहा है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने भी एक विशेषज्ञ समूह को जांच का आदेश दिया है।

## जी-7 : वित्तीय नेतृत्व का मुद्रास्फीति नियंत्रण व आपूर्ति शृंखला पर जोर




नई दिल्ली , एजेंसी। दुनिया के अमीर देशों के समूह जी-7 के शीर्ष वित्तीय नेतृत्व ने शनिवार को यूक्रेन के समर्थन व रूसी हमलों के विरुद्ध उस पर प्रतिबंध लागू रखने का संकल्प लिया। हालांकि उन्होंने चीन का खुलेतौर पर जिक्र नहीं किया। इसके साथ खत्म हुई जी-7 के वित्त मंत्रियों व बैंक प्रमुखों (वित्तीय नेतृत्व) की बैठक में अमेरिकी ऋण संकट, बढ़ती महंगाई पर चिंता व मुद्रास्फीति नियंत्रण पर प्रतिबद्धता जताई गई। इस तीन दिनी वार्ता में सभी ने स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिए स्थिर और विविध आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण में सहयोग के लिए विश्व स्तर पर आर्थिक लचीलापन बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई। वित्तीय नेतृत्व ने अगले सप्ताह हिरोशिमा में जी-7 नेताओं शिखर सम्मेलन के लिए एक आधार तैयार किया, जिसमें अमेरिकी ऋण सीमा पर संकट के बावजूद राष्ट्रपति बाइडन शामिल हो सकते है। जी-7 के वित्तीय नेतृत्व ने वर्ष के अंत तक वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने के लिए एक योजना पर सहमति व्यक्त की। यह योजना ऊर्जा सुरक्षा की सुरक्षा में योगदान देगी। मसौदा विज्ञप्ति में कहा गया कि हम बैंकिंग प्रणाली में डाटा, पर्यवेक्षी और नियामक अंतराल को भी शामिल करेंगे। वर्तमान अध्यक्ष जापान ने आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता और बीजिंग पर उनकी भारी निर्भरता को घटाने पर जोर दिया।

# दुनिया भर की जेलों में कैदियों की दुश्वारियां कम नहीं

ब्रह्मदीप अलूने



दुनिया में नीदरलैंड एक अनोखा देश है,जहां जेलों में कैदियों को सजा देने के बजाय उनका मनोवैज्ञानिक तरीके से इलाज किया जाता है और उनके दिमाग में बैठे अपराधिक प्रवृति को खत्म किया जाता है। इसका असर यह हो रहा है कि अब देश में अपराध बहुत कम हो गए है और कैदियों की आपराधिक मनोवृति में भी तेजी से कमी आ रही है। नीदरलैंड में जेलें बंद कराने की नौबत आ गई है और ऐसे में सरकार द्वारा यह अनोखा प्रबंध किया गया की पड़ोसी देश नार्वे,नीदरलैंड की जेलों का उपयोग करें,उसका किराया दे तथा उसका संचालन करें। जिससे आवश्यकता पड़ने पर नीदरलैंड अपने कैदियों को वहां रख सके और उसका खर्च भी बच सके।

लेकिन नीदरलैंड की जेलों की सुधार पद्धति को दुनिया के अन्य देश अपनाने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं रखते। दुनिया के लिए कारागार,बन्दीगृह या जेल,दरअसल काले कारावास का प्रतिबिम्ब होता है। यहां हिरासत के नाम पर उत्पीड़न का भयानक मंजर होता है और इसके बाद ऐसा वीभत्स व्यवहार होता है की कैदियों की रूह कांप जाएं। यह भी दिलचस्प है की एशिया,अफ्रीका से लेकर विकसित यूरोप तक जेलों के हालात लगभग एक जैसे है। इन जेलों में सुधार से ज्यादा इस तथ्य पर विचार किया जाता है की कैदियों से कितना भीषण अमानवीय व्यवहार किया जा सके,जिससे या तो वे आत्महत्या कर ले,अथवा एक बार जिंदा बाहर जाने के बाद कभी लौट कर आने का साहस ही नहीं कर पाएं।

यूरोपीय संघ के हर तीसरे देश की जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी रखे गए हैं। ब्रिटेन का उदार लोकतंत्र दुनिया को लुभाता है,लेकिन उसकी जेलों की हकीकत बद से बदतर है। दुनिया और मानवाधिकार संगठनों को दिखाने के लिए इन जेलों में कैदियों को हर माह अपने पार्टनर से मिलने के लिए कुछ घंटे एकांत में दिए जाते है। निजता के नाम पर गंदा बिस्तर और गंदी टायलेट होती है। बाहर कैदी चिल्लातें है और अश्लील टिप्पणियां करते है। माहौल इतना भयभीत करने वाला होता है की कोई भी कैदी अपने पार्टनर के साथ जेल में ऐसे एकांत में मिलने का साहस ही नहीं जुटा पाता।

आमतौर पर यह माना जाता है की जेलें,सुधारगृह है जहां से वापस लौटने के बाद बेहतर जिंदगी की शुरुआत की जा सकती है। लेकिन जेल के अंदर का माहौल किसी को अपराधी बना सकता है। अफ्रीका महाद्वीप के सबसे छोटे देशों में से एक रवांडा,बहुत खूबसूरत देश माना जाता है,पर यहां के जेल उतनी ही कुख्यात मानी जाती है। रवांडा में स्थित गिटारमा सेंट्रल जेल,कैदियों से व्यवहार के लिए दुनियाभर में बदनाम है। यहां क्षमता से बीस गुना ज्यादा कैदियों को रखा जाता है। गिटारमा जेल में कैदी कम होने के कारण अपना समय जगह अधिकतर खड़े होकर ही बिताते हैं। तनाव इतना बढ़ जाता है कि कैदी अक्सर आपस में झगड़ते रहते हैं और जिंदा रहने के लिए कैदियों को मार कर उनके शवों को ही खा जाते हैं। यहां के हालात इतने भयावह है कि गिटारमा जेल में रोज़ाना सात आठ कैदी दम तोड़ देते है। यहां पर कैदी अधिकतर नंगे पांव रहते हैं और भयानक बीमारियों की चपेट में आ जाते है।

महाशक्ति अमेरिका के अटलांटा प्रांत में स्थित फुल्टोन जेल की एक घटना इस साल जब सामने आई तो दुनिया हैरान रह गई। दरअसल 35 साल के लाशॉन थॉम्पसन को मारपीट के आरोप में जून 2022 में गिरफ्तार कर यहां की जेल में रखा गया था। हाल ही में उनकी जेल में मौत हो गई। मेडिकल एक्जामिनर ऑफिस की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि थॉम्पसन के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था बल्कि उनके शरीर को खटमलों और दूसरे कीड़ों ने खाया हुआ था। जेल की गंदगी को उनकी मौत की वजह बताया गया है।

जाहिर है जेल में रहने वाले खटमल और कीड़े एक जिंदा आदमी को खा गए। गौरतलब है कि अमेरिका में निजी कंपनियां जेल चलाती हैं। इन जेलों में जितने ज्यादा कैदी होंगे,कंपनियों को सरकार से उतना ज्यादा फायदा होगा। जेलों का 80 फीसदी काम इनमें रहने वाले कैदियों से करवाया जाता है। इसमें साफ-सफाई,मरम्मत कार्य,कपड़े धोने जैसे काम शामिल हैं। इसके अलावा बाहर की कंपनियां भी जेलों को टेबल-कुर्सी समेत अन्य सामान बनाने का ठेका देती हैं। यह भी जेल में बंद कैदियों से बनवाए जाते हैं। जो काम करने से मना कर देते हैं तो उन्हें कोठरी में अकेले बंद कर दिया जाता है। कई बार तो परिवार से भी नहीं मिलने दिया जाता। अमेरिका की हकीकत यह भी है की यहां की अधिकांश जेलों में शाकाहारी भोजन की सुविधा ही नहीं है और सबको जबरन मांस खाना पड़ता है। सैन क्वेंटिन संयुक्त राज्य अमेरिका की सबसे प्रसिद्ध जेलों में से एक है। यह पुरुषों के लिए एक सार्वजनिक जेल है। यहां पर मौत की सजा देने के लिए गैस चैम्बर या फिर लीथल इंजेक्शन का इस्तेमाल किया जाता है। जेल में सुविधाएं काफी खराब हैं और कैदियों के बीच में हिंसा के कई मामले आए दिन होते ही रहते हैं।

साम्यवादी चीन और रूस की की जेलों में इंसानियत को रोज रौंदा जाता है। रूस की पेटक आइलैंड जेल दुनिया भर में कुख्यात है। इस जेल में गम्भीर अपराध वाले कैदियों को रखा जाता है। यह स्थान दुनिया भर से अलग थलग है। केवल दो छोटे लकड़ी के पुल द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ते हैं। कैदी छोटे समूह,एकल कक्ष या पिंजरों में कई घंटे अकेले रहते है। वर्ष में सिर्फ एक बार ही लोग यहां पर कैदियों से मिलने आते हैं। इसी कारण से इस जेल को मनोवैज्ञानिक रूप से असहनीय माना जाता है और अधिकांश कैदी पागल होकर मर जाते है।

चीन के पश्चिम में देश के सबसे बड़ा प्रांत शिनजियांग की जेल विगर मुसलमानों का कत्लगाह है,जबकि चीन इसे सुधार गृह बताता है। कैदियों को सोने नहीं देते,कई घंटों तक लटका कर रखा जाता है। चमड़ी में सूइयां चुभाई है और नाखून नोचे जाते है। टॉर्चर का सारा सामान कैदी के सामने टेबल पर रखा जाता है ताकि वह खौफ़ज़दा रहे। यहां कैदियों को अक्सर दूसरे लोगों के चीखने की आवाज़ सुनाई देती है।

थाईलैंड बौद्ध देश हैं। यहां एशिया और अफ्रीका के लगभग सभी वन्य जीवों को देखा जा सकता है। दुनियाभर से लाखों पर्यटक थाईलैंड की सुन्दरता निहारने आते है। वहीं यहां की जेलें अमानवीयता की हदें पार करने के लिए दुनियाभर में कुख्यात है। गंभीर अपराध वाले सभी कैदियों को शुरू के तीन महीनों के लिए लोहे से बनी जंजीरों में जकड़ कर रखा जाता है और उनको खाने में सिर्फ एक कटोरा चावल का सूप या एक कटोरा चावल दिया जाता है। यहां पर कैदी अधिकतर कुपोषण की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं।

तुर्की की डायरबाकिर जेल अधिकतम मृत्यु दर के लिए जानी जाती है। यहां पर कैदियों को विभिन्न प्रकार की यातनाएं दी जाती हैं जैसे मानसिक,शारीरिक इत्यादि। इतना ही नहीं उनका यौन शोषण भी किया जाता है। कैदियों द्वारा खुद को आग लगाने तथा हफ्तों तक भूख हड़ताल करने की घटनाएं यहां होती रहती है। यहां तक की कुछ कैदियों ने ऐसी क्रूर यातनाओं से बचने के लिए आत्महत्याएं भी की हैं।

इंडोनेशिया के जकार्ता प्रांत की तांगेरांग जेल में ड्रग्स के आरोपियों को रखा जाता है. यहां गैंगवार वार से लेकर हत्याएं होती रहती है। इंडोनेशिया में जेल ब्रेक और आग लगने की घटनाएं आम बात हैं। यहां पर ज्यादातर जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदियों को रखा गया है। फंडिंग की समस्या और ड्रग्स क्राइम में बहुत ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी की वजह से हालात बदतर होते जा रहे हैं।

इस्लामिक देश ईरान,सऊदी अरब, सीरिया,कतर में तो कैदियों के सही हालात कभी बाहर आ ही नहीं पाते। यहां पर न तो मानवाधिकार संगठनों को जाने की इजाजत है और न ही किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त किया जाता है। जेल में ही राजनीतिक बंदियों को तड़पा तड़पा कर मार दिया जाता है और इसकी खबर भी कभी परिजनों को नहीं दी जाती। उत्तर कोरिया की जेलों में सज़ा और हिंसा के ज़रिए करोड़ों लोगों का उत्पीड़न होता रहा है। एक महिला कैदी के सामने उसके एक नवजात बच्चे की हत्या कर दी गई। देश के नार्थ हेमग्यांग प्रोविंसल होल्डिंग सेंटर में आठ महीने की गर्भवती महिला का जबर्दस्ती गर्भपात कराया गया। जब बेबी बच गया था तो उसे नाले से बहा दिया गया। उत्तर कोरिया में देश द्रोहिता के नाम पर उत्पीड़न खूब होता है। कैदी को क्रास बनाते हुए बैठने को कहा जाता है और इस दौरान अपने हाथ घुटने पर रखने होते है। अगले 12 घंटे तक उन्हें हिलने-डुलने की अनुमति नहीं होती है। थोड़ा भी हिलने-डुलने या सेल के दूसरे साथियों से कानाफूसी करने पर उन्हें कड़ी सजा मिलती है। खाना और पानी इतना सीमित दिया जाता है की भूख प्यास से वह सदा तड़पता रहे और ऐसे ही उसकी जान चली जाएं।

कुल मिलाकर दुनियाभर में कैदियों के लिए स्थितियां बेहद भयावह है। कैदियों को लेकर नीतियों में विकसित,विकासशील या पिछड़ें देशों में ज्यादा अंतर नहीं किया जाता। कैदियों से व्यवहार को लेकर न तो संयुक्त राष्ट्र का कोई डर नजर आता है और न ही मानवाधिकार संगठनों की सलाह पर अमल करना जरूरी समझा जाता है।

## काबिल बनो, कामयाबी झक मार कर आएगी... स्टार्टअप से छापने हैं करोड़ों तो एक्सपर्ट्स से जान लीजिए टिप्स




नई दिल्ली , एजेंसी। राजीव रंजन 35 साल के हैं। तीन साल पहले फूड प्रोसेसिंग को लेकर एक स्टार्टअप शुरू किया था। न कोई रिसर्च की, न चुनौतियों को समझा और न मार्केट की स्टडी की। अपनी जमीन थी। कंपनी और लोगो रजिस्टर्ड कराया। 3 कमरों का टीन शेड वाला घर बनाया। कुछ महंगी मशीनें खरीदीं और चल दिए ब्रैंड बनाने। करीब डेढ़ साल तक कंपनी चला ली, लेकिन ये 18 महीने कैसे गुज़रे यह राजीव ही जानते थे। शुरुआत में कंपनी में 25 लाख रुपये लगे थे। फिर नुकसान होता चला गया। यह फंड बढ़कर 40 लाख रुपये का हो गया। उन्हें यह काम बंद करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने स्टार्टअप से जुड़ा कोर्स करने की ठानी। इसी दौरान स्टार्टअप पर कुछ किताबें भी पढ़ीं। सक्सेस और फेल्यर, दोनों तरह के स्टार्टअप की कहानियां पढ़ीं, कारण समझे और यह भी समझा कि केंद्र और राज्य सरकार से किस तरह मदद ली जा सकती है। यह काम करने में 6 महीने निकल गए। इसके बाद उन्होंने फिर से उसी स्टार्टअप को शुरू करने का फैसला किया जो पिछले 6 महीने से बंद था। उस वक्त घरवालों और दोस्तों ने समझाया कि यह क्या करने जा रहे हो। एक बार तो पैसा डुबा चुके, फिर से डुबाओगे, पर राजीव नहीं माने। उन्हें खुद पर और अपनी रिसर्च पर भरोसा था। आज उसी स्टार्टअप को दोबारा शुरू हुए 1 बरस हो चुका है। कंपनी 3 महीने पहले ही प्रोफिट में आ चुकी थी। उम्मीद है अगले 1 से डेढ़ साल में उनके पिछले नुकसान की भी भरपाई हो जाएगी। यहां पर थ्री इडियट्स फिल्म का वह डायलॉग याद आता है कि पहले काबिल बनो, कामयाबी झक मार कर आएगी ।

पिछले कुछ समय में स्टार्टअप को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों ने काम आसान बनाने की कोशिश की है। सिंगल विंडो क्लियरेंस ने बहुत सारी मुश्किलें खत्म कर दी हैं। इनके अलावा स्टार्टअप को सफल बनाने में कौन-कौन से कोर्स और किताबें उपयोगी हो सकती हैं? एक्सपर्ट्स से बात करके जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती।

कॉमर्स मिनिस्ट्री से जुड़ा डीपीआइआइटी विभाग देश में स्टार्टअप को मान्यता देता है। वहीं नैशनल सिंगल विंडो सिस्टम जिसे शॉर्ट में न्यूज भी कहते हैं। यह एक ऐसा वन स्टॉप प्लैटफॉर्म है, जहां कोई बिज़नेस शुरू करने के लिए सेंट्रल और स्टेट की जरूरी मंजूरियां मिल जाती है। इस पोर्टल पर बहुत-से केंद्रीय विभाग और कई राज्य सरकारों की मंजूरी मिल जाती है।

283.5 करोड़ रुपये का प्रावधान स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के लिए किया गया है 2023-24 के केंद्र सरकार के बजट में। यह पिछले साल के 100 करोड़ रुपये के फंड से काफी ज्यादा है।

अपने बिज़नेस को रजिस्टर्ड कराना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। हालांकि अब भी कई स्टेप फॉलो करने पड़ते हैं। फिर भी एक ही जगह पर सभी जरूरी मंजूरी मिल जाना एक बड़ी राहत है। अपने बिज़नेस को स्वस्थ्य की ऑफिशल वेबसाइट पर रजिस्टर्ड करवाना होता है। इससे कई तरह के फायदे मिल जाते हैं। मसलन, लोन में आसानी, बिज़नेस को फैलाने में मदद आदि। इस वेबसाइट को काफी यूजर फ्रेंडली बनाया गया है।

### मोबाइल सेक्टर में आएगी नई क्रांति

## सरकार देशभर में लॉन्च करने जा रही स्पेशल ट्रैकिंग सिस्टम



नई दिल्ली , एजेंसी। सरकार इस सप्ताह एक निगरानी प्रणाली शुरू करने जा रही है। इस प्रणाली के जरिये देशभर में लोग अपने गायब या चोरी हो चुके मोबाइल फोन को ब्लॉक कर सकेंगे या उसका पता लगा सकेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रौद्योगिकी विकास निकाय सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सीडॉट) दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कुछ दूरसंचार सर्किलों में सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर प्रणाली को प्रायोगिक आधार पर चला रहा है। दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अब इस प्रणाली को अखिल भारतीय स्तर पर शुरू किया जा सकता है।

अधिकारी ने कहा, सीईआईआर प्रणाली को 17 मई को अखिल भारतीय स्तर पर पेश किए जाएगा। इस बारे में संपर्क करने पर सीडॉट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और चेयरमैन परियोजना बोर्ड राजकुमार उपाध्याय ने तारीख की पुष्टि नहीं की। लेकिन उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी अखिल भारतीय स्तर पर पेश किए जाने के लिए तैयार है।

उपाध्याय ने कहा, प्रणाली तैयार है और अब इसे इसी तिमाही में पूरे भारत में तैनात किया जाएगा। इससे लोग अपने खोए हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर सकेंगे। सीडॉट ने सभी दूरसंचार नेटवर्क पर क्लोन्ड मोबाइल फोन के इस्तेमाल का पता लगाने के लिए इसमें नई खूबियां जोड़ी हैं। सरकार ने भारत में मोबाइल उपकरणों की बिक्री से पहले इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई-15 अंक की संख्या) का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया है।

मोबाइल नेटवर्क के पास मंजूर आईएमईआई नंबरों की सूची होगी, जिससे उनके नेटवर्क में अनधिकृत मोबाइल फोन के प्रवेश का पता लग सकेगा। दूरसंचार परिचालकों और सीईआईआर प्रणाली के पास उपकरण के आईएमईआई नंबर और उससे जुड़े मोबाइल नंबर की जानकारी होगी। कुछ राज्यों में इस सूचना का उपयोग सीईआईआर के जरिये गुम या चोरी गए मोबाइल फोन का पता लगाने के लिए किया जाएगा।

## स्व.रमन अग्रवाल की स्मृति में लालिमा भिंडी का पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उत्पादन किया, गंभीर रोगों के लिए वरदान




ग्वालियर। शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रख्यात समाजसेवी स्व. अग्रवाल की स्मृति में किसानों के उत्थान के लिए सुपर फूड लाल काशी लालिमा भिंडी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रतलाम के रावटी क्षेत्र में उत्पादित किया। गंभीर रोगों के लिए वरदान ये भिंडी कम दाम मे घर तक पहुंचाई जाएगी।

रतलाम मध्यप्रदेश में वाराणसी के रिसर्च सेंटर पर वैज्ञानिकों के शोध पर आधारित लाल रंग की काशी लालिमा भिंडी को उत्पादित किया गया जो की हरे रंग की भिंडी से ज़्यादा पौष्टिक होती है. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ वेजिटेबल रिसर्च (आई.आई.वी.आर ) वाराणसी के कृषि विशेषज्ञों ने दो साल पहले ही ये लाल भिंडी विकसित की गई ,लाल भिंडी की दो उन्नत किस्में हैं,आजाद कृष्णा,काशी लालिमा (इस प्रजाति के विकास के लिए भारतीय कृषि वैज्ञानिकों में 1995-96 से कार्य शुरू किया ।23 साल बाद वाराणसी स्थित भारतीय सब्ज़ी अनुसंधान संस्थान ने लाल भिंडी की इस किस्म के विकास में सफलता प्राप्त की । इस किस्म का रंग बैगनी व लाल होता है । 10-15 सेंटीमीटर लम्बी, व 1.5 से 1.6 सेमीश की मोटाई वाली यह भिंडी में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं । जिसकी जानकारी स्वरूप ग्वालियर के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रख्यात समाजसेवी स्व श्री रमन अग्रवाल के सामाजिक और किसान उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए उनके सुपुत्र अनुभव अग्रवाल द्वारा वैज्ञानिकों के प्रयासों को धरातल पर लाने और किसानों को स्वावलंबी और सार्थक बनाने की नीति से 700 किलों मीटर दूर रतलाम जिले के रावटी क्षेत्र में लाल काशी लालिमा भिंडी को उत्पादित किया गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को स्वावलंबी बनाने व ऑर्गेनिक फूड के रूप में कई गंभीर बीमारियों को दूर करने के लिए उपयोग में लाया जाना है, यह हृदय रोग, कैंसर, और शुगर व केलेस्ट्रोल में बहु उउपयोगी है, लाल भिंडी में पोषक तत्वों से भरपूर होता है। लाल भिंडी में कैलोरी, कार्ब्स, प्रोटीन, वसा, फाइबर, मैग्नीशियम होता है। इसके अलावा विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के और विटामिन बी6 मौजूद होता है। लाल भिंडी में कैलोरी और कार्ब्स की मात्रा बहुत कम होती है, इस सब्जी में कम सोडियम की मात्रा होती है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में योगदान करती है ।मिडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह उल्लेख किया गया है कि कुमकुम भिंडी में लगभग 94 प्रतिशत पॉलीअनसेचुरेटेड वसा होता है, जो शरीर में एलडीएल के स्तर को स्वाभाविक रूप से कम करने में मदद करता है। यह इम्यूनिटी को बूस्ट करती है ,काशी लालिमा में 21 प्रतिशत आयरन और 5 प्रतिशत प्रोटीन मौजूद होता है। जो समग्र प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करने का काम करता है। रावटी किसान चर्चा पर काशी लालिमा की खासियत बताते हुए किसान नरेंद्र सिंह देवदा द्वारा बताया गया कि यह ?मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है आपका मेटाबॉलिज्म आपके शरीर को सांस लेने और पाचन जैसे आवश्यक शरीर के कार्यों के लिए लगातार ऊर्जा प्रदान करने के लिए जरूरी होता है। मेटाबॉलिज्म का प्रभावी तरीके से काम करना आपके सेहत के लिए जरूरी है। ऐसे में कुमकुम भिंडी में मौजूद आयरन और प्रोटीन चयापचय में सुधार करने में मददगार साबित हो सकती है। इस प्रोजेक्ट को अन्य किसानों तक सांझा करने के साथ किसान मित्र कोमल सिंह पंवार,अनिल टांक, अंकित रावल, लखन पंवार ,सत्यनारायण गोप के द्वारा किसानों को जैविक खेती प्रोत्साहन के लिए गांव के विकास अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा हैं।

## सिनियर सिटीजन की सुविधाओं के लिए टोल फ्री नम्बर



**परासिया।** म.प्र.पेंशनर्स समाज परासिया की अनूप राय की अध्यक्षता में हुये निर्णय1-सीनियर सिटीजन की कोई भी समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर 14567 है इस पर प्रात: 8 बजे से रात 8बजे तक सेवा अनवरत रहती है, 2- परिवार पेंशन के लिए माता-पिता के नहीं होने पर 25वर्ष से कम अविवाहित विकलांग पुत्र/पुत्री भी पात्र होते हैं, 3--बैंक के खाते में नामिनी अवश्य करायें सभी पेंशनरों को बैंक जाकर नामिनी चैक जरूर करें।4- सभी पेंशनर मूलरूप से जारी पी पी ओ किसी को न दें आवश्यकता पड़ने पर पी पी ओ की फोटो प्रति ही दें 5- पेंशनरों को किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए पेंशन पदाधिकारियों से फोन पर या व्यक्तिगत मिलकर मार्गदर्शन प्राप्त करें आदि जानकारी दी गई बैठक में मुख्य रूप से डी के मिश्रा, डी एन दुवे,एस एल पाटकर, डी पी खंडेलवाल, जेठूलाल सोनी,इकबाल खान, तुकाराम घोरसे, जगन्नाथ डेहरिया, श्रीमती चंद्रा यादव, श्रीमती सुखवती सरेयाम आदि उपस्थित रहे ।

## जगतगुरु शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर पुजारी संघ बैठक 18 को

**छिंदवाड़ा ।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ की बैठक 18 मई दिन गुरुवार को आबकारी मंदिर में रखी गई है बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रद्धेय जगतगुरु शंकराचार्य जी स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद 1008 जी के प्रथम नगर आगमन पर यह बैठक का आयोजन किया गया है। संत पुजारी संघ के जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी सहित संघ के पदाधिकारी राजेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, प्रवक्ता धनंजय शास्त्री ,जिला महासचिव पंडित सुरेंद्र शर्मा , महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी की इस मीटिंग में विशेष उपस्थिति रहेगी संघ के सभी सदस्यों पदाधिकारियों से दोपहर 12 बजे आबकारी मंदिर में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## कलाकार वर्ग की माँग, ज़िले में हो ऑडिटोरियम का निर्माण

**छिंदवाड़ा ।** सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में बसा छिंदवाड़ा ज़िला कला की विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों की भी कर्मभूमि है, समय समय पर ज़िले में संचालित सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्यिक संस्थाओं द्वारा प्रतिभाओं एवं कला प्रदर्शन हेतु आयोजन किए जाते हैं आयोजक संस्थाओं के माध्यम से स्थानीय कलाकारों के साथ साथ देश प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार ज़िले में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। इन संस्थाओं के समक्ष सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम (रंगमंच) की हमेशा होती है ऐसी स्थिति में प्राइवेट संस्थानों को कार्यक्रम स्थल बनाया जाता है जिनके द्वारा अच्छा खासा शुल्क आदि लिया जाता है ऐसी स्थिति में ज़िले में ऑडिटोरियम निर्माण होना अत्यंत आवश्यक है इस निवेदन को प्रोत्साहन मंच के राकेश %राज% एवं दिव्यांश श्रीवास्तव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष रखा गया है आशा है निकट भविष्य में कलाकारों, कलाप्रेमियों को इस कमी से निजात मिलेगी।

## छिंदवाड़ा प्रीमियम टी 20 डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के शेष बचे मैच 17 मई से होगे प्रारंभ

**छिंदवाड़ा ।** खेल मित्र नितिन खण्डेलवाल ने बताया कि छिंदवाड़ा प्रीमियम टी 20 डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट बारीश एवं मौसम खराब होने के कारण मैच को आगे के लिए स्थगित किया गया था अब शेष बचे लीग मैच टी 20 डे नाईट टूर्नामेंट 17 मई से प्रारंभ होगा और पूर्व के मैचों के परिणाम यथावत रहेंगे । पहला मैच सायं 4.30 बजे एवं दूसरा मैच रात्रि 7.30 बजे होगा। छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 संरक्षक विवेक बंटी साहू जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, मार्गदर्शक शेषराव यादव, संयोजक संदीप मालवीय, सहसंयोजक मीनू सिंघई, सचिव दारा जुनेजा, खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, आयोजन समिति सदस्य अलकेश लाम्बा, पंकज पाटनी, जगेन्द्र अल्डक, नीरज भारद्वाज सहित मैच के मुख्य प्रायोजक तिवारी रियल इस्टेट, सहप्रायोजक अग्रवाल इंफोटेक, हरिओम बैंड, विशेष सहयोगी एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, रोहित द्विवेदी, जसपाल सिंग भमरा, अरविंद राजपूत, आयोजक संदीप मालवीय ''बाबू भाई'' अभय मालवी के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

## कर्नाटक मैं ऐतिहासिक मतों से हुई जीत में मनाया जश्न फोड़े पटाखे, बांटी मिठाई

**अमरवाड़ा ।** कांग्रेस के नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कर्नाटक में कांग्रेस की हुई जीत और कांग्रेस की सरकार बनने की खुशी जाहिर करते हुए कांग्रेसियों ने जमकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाईयां बांटकर शुभकामनाएं प्रेषित की कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जमकर नारे लगाए कि हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो कमल नाथ जैसा हो हमारा विधायक कैसा हो कमलेश शाह जैसा इस मौके पर कांग्रेस के सभी अनुषांगिक संगठन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। महिला कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना के अंतर्गत शुरू किया फॉर्म भरने का कार्य।

## 100 से अधिक महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**छिंदवाड़ा।** महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर भागीरथी प्रयास करने वाली भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की नारी-हितैषी नीतियों के चलते लगातार देश प्रदेश में महिलाएं भाजपा से जुड़ रही हैं इसी कड़ी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान की ज़मीनी योजनाओं से प्रभावित होकर छिंदवाड़ा नगर की प्रतिष्ठित समाजसेविका उमा सोनी के नेतृत्व में अनेकों महिलाओं ने रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने नारी शक्ति को नमन करते हुए भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत महिलाओं को बताया और कहा कि आज देश में महिलाओं के प्रति एक अच्छा माहौल तैयार हुआ है। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारों ने महिलाओं को हर मोर्चे पर आगे बढ़ने का मौका दिया है, जिसका प्रतिफल यह है कि भारतीय जनता पार्टी के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से देश की सभी महिलाओं का आशीर्वाद है।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक को मारी थी गोली

### दोनो आरोपी गिरफ्तार, बंदूक बेचने और रखने वालों की तलाश में जुटी पुलिस



**छिंदवाड़ा ।** मोहखेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोली चलाने वालों दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी संजीव उईके ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गोली लगने से युवक घायल हो गया था। पुलिस ने आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश और प्रेम प्रसंग के चलते गोली चलाई थी। पकड़ाए गए आरोपियों में दुर्गेश सोनी और विनोद सोनी शामिल हैं अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 307, 34 के तहत प्रकरण दर्ज गिरफ्तार किया गया है। घटना मोहखेड़ थाना के अंतर्गत ग्राम कामठी है युवक मुकेश जयराम कोरडे उम्र 28 वर्ष अपनी मम्मी के वर्थडे से मोटरसायकल से लौट रहा था गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर के पास आरोपियों ने गोली चलाई। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही हैं जिन्होने बंदूक बेचने का काम कर रहे हैं। पकड़ाए गए एक आरोपी ने बताया कि उसने घटना के बाद एक युवक को बंदूक रखने दिया था जिसकी भी पुलिस तलाश कर रही है।

### काम्बिंग रात्रि गश्त में की गयीं प्रभावी कार्यवाही

जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की निरंतर धरपकड़ एवं अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्ति व अपराधियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने तथा जिले में कानून व्यवस्था व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा विनायक वर्मा महोदय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके के निर्देशन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर एक ही रात्रि के दौरान जिले के स्थाई वारंटी गिरफ्तारी वारंटियों एवं गुंड़ा बदमाश, निगरानी बदमाश की चैकिंग, गुम इंसान की दस्तयाबी, कबाडियों की चैकिंग तथा आबकारी एक्ट के विरूद्ध औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर एक ही रात्रि में 29 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, 170 गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी, 155 गुंड़ा बदमाशों की चैकिंग, 95 निगरानी बदमाशों की चैकिंग, 10 गुम इंसानों की दस्तयाबी, 58 कबाडियों की चैकिंग व आबकारी एक्ट के विरूद्ध 13 प्रकरण में 106 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

## मातृत्व दिवस पर नेमा दर्पण फॉउंडेशन ने किया वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान

### महिला एवं बच्चों के निशुल्क स्वास्थ जाँच एवं आहार परामर्श शिविर हुआ आयोजित



**छिंदवाड़ा ।** मातृत्व दिवस के अवसर पर नेमा समाज के सेवा प्रकल्प नेमा दर्पण फॉउंडेशन महिला इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित महिला एवं बच्चों के निशुल्क स्वास्थ जाँच एवं आहार परामर्श शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर नेमा समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति श्रीमती जानकी नेमा,श्रीमती शीला नेमा,श्रीमती ताराबाई नेमाएवं श्रीमती सीता नेमा का शाल एवं श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित महिला एवं बच्चों के निशुल्क स्वास्थ जाँच एवं आहार परामर्श शिविर में डॉ श्रीमती गरिमा नेमा (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ श्रीमती सोनल नेमा( होमियोपैथी विशेषज्ञ) एवं प्राची नेमा(आहार विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं निशुल्क प्रदान करते हुए महिलाओ एवं बच्चों की जांच कर स्वास्थ सम्बन्धी जानकारी दी और संतुलित आहार का परामर्श भी दिया। नेमा दर्पण फॉउंडेशन की प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य श्रीमती प्रतिमा नेमा ने कहा कि परिवार एवं समाज के उत्थान में मातृशक्ति का सदैव योगदान रहा है और मातृशक्ति सदैव पूजनीय रही है। नेमा दर्पण फॉउंडेशन की महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा नेमा ने कहा कि नेमा दर्पण फॉउंडेशन नेमा समाज मे सेवा प्रकल्प के रूप में कार्य कर रहा है इससे नेमा समाज महिलाओ को एक नई दिशा ही नही सेवा कार्यो की प्रेरणा मिली है हम अपने संकल्प को लेकर आगे और अधिक सक्रियता से सेवा कार्यो को करते रहेंगे। महिला इकाई की सचिव श्रीमती सोनिया नेमा ने बताया कि इस शिविर में 42 महिलाओ का आहार परामर्श,28महिलाओ की स्वास्थ जांच एवं निशुल्क दवा वितरण एवं 11 बच्चों का स्वास्थ परिक्षण किया गया। शिविर में अपनी सेवाएं देने के लिए डॉ श्रीमती गरिमा नेमा (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ श्रीमती सोनल नेमा( होमियोपैथी विशेषज्ञ) एवं प्राची नेमा(आहार विशेषज्ञ) का भी नेमा दर्पण फॉउंडेशन के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा नेमा एवं आभार उपाध्यक्ष श्रीमती अनुभा नेमा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी

## भाजपा के राज में महंगी बिजली से जनता को लगा करंट

### बिजली कंपनियों की लूट से उपभोक्ता परेशान बढ़े सरचार्ज हो वापस

**छिंदवाड़ा ।** केंद्र सरकार के द्वारा बिजली के नियमों में किये गये जनविरोधी परिवर्तन से मंहगी बिजली का करंट आम उपभोक्ताओं को लगना प्रारंभ हो चुका है अनेकों घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों विसंगतियों की शिकायत की है प्रदेश की भाजपा सरकार ने विधान सभा चुनाव के पहले बिजली कंपनियों के माध्यम से जनता को महंगी बिजली करंट देते हुए सरचार्ज में पांच फीसदी की बढोत्तरी की है इससे यह साफ है कि भाजपा शासित प्रदेश सरकार ने खुली लूट मचा रखी है इस फैसले से मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी बिलों में लगने वाले फिक्स एवं ऊर्जा पर सरचार्ज पांच फीसदी बढ़ा कर वसूली करेगी यह सरचार्ज की व्यवस्था 24 अप्रैल से लागू कर दी गई है प्रति माह समीक्षा कर दरों में बढोत्तरी की जाएगी इस तरह के जनविरोधी फैसले का कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ पुरज़ोर विरोध करते हुए तत्काल बिजली कंपनियों की मनमानी पर रोक की मांग करती है उक्त आशय के जारी बयान में जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब बिजली कंपनियों ने विधुत नियामक आयोग के अप्रूवल के बगैर कोई चार्ज बढ़ाया हो विधुत नियामक आयोग को दरकिनार कर सरकार ने बिजली कंपनियों खुली लूट की छूट दे दी है पूरे प्रदेश में बिजली के बिलों में भारी बढोत्तरी की गई है जिससे विधुत उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है बिजली कंपनियों को केवल बिजली बिल से मतलब है आम जनता सुविधाओं के लिए तरस रही है ग्रामीण अंचलों में फीडर बंद पड़े है विधुत खम्बे जर्जर हालात में है विधुत के लटकते तार व खूले टांसफार्मर घटना को आमंत्रित कर रहे हैं जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश की जनविरोधी सरकार से मांग करतीं हैं


## भाजपा के राज में महंगी बिजली से जनता को लगा करंट

### बिजली कंपनियों की लूट से उपभोक्ता परेशान बढ़े सरचार्ज हो वापस

**छिंदवाड़ा ।** केंद्र सरकार के द्वारा बिजली के नियमों में किये गये जनविरोधी परिवर्तन से मंहगी बिजली का करंट आम उपभोक्ताओं को लगना प्रारंभ हो चुका है अनेकों घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों विसंगतियों की शिकायत की है प्रदेश की भाजपा सरकार ने विधान सभा चुनाव के पहले बिजली कंपनियों के माध्यम से जनता को महंगी बिजली करंट देते हुए सरचार्ज में पांच फीसदी की बढोत्तरी की है इससे यह साफ है कि भाजपा शासित प्रदेश सरकार ने खुली लूट मचा रखी है इस फैसले से मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी बिलों में लगने वाले फिक्स एवं ऊर्जा पर सरचार्ज पांच फीसदी बढ़ा कर वसूली करेगी यह सरचार्ज की व्यवस्था 24 अप्रैल से लागू कर दी गई है प्रति माह समीक्षा कर दरों में बढोत्तरी की जाएगी इस तरह के जनविरोधी फैसले का कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ पुरज़ोर विरोध करते हुए तत्काल बिजली कंपनियों की मनमानी पर रोक की मांग करती है उक्त आशय के जारी बयान में जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब बिजली कंपनियों ने विधुत नियामक आयोग के अप्रूवल के बगैर कोई चार्ज बढ़ाया हो विधुत नियामक आयोग को दरकिनार कर सरकार ने बिजली कंपनियों खुली लूट की छूट दे दी है पूरे प्रदेश में बिजली के बिलों में भारी बढोत्तरी की गई है जिससे विधुत उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है बिजली कंपनियों को केवल बिजली बिल से मतलब है आम जनता सुविधाओं के लिए तरस रही है ग्रामीण अंचलों में फीडर बंद पड़े है विधुत खम्बे जर्जर हालात में है विधुत के लटकते तार व खूले टांसफार्मर घटना को आमंत्रित कर रहे हैं जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश की जनविरोधी सरकार से मांग करतीं हैं


## 9 वर्षों के बाद हुआ आचार्यश्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज का छिंदवाड़ा



**छिंदवाड़ा ।** पिंडरई से बिहार करते हुए प्रात: 7-30 बजे आचार्य श्री पदम परिसर पहुंचे जहां श्री सकल दिगंबर जैन महासभा एवं सकल जैन समाज के सभी पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रावक महिला, पुरुष बच्चों ने महाराज श्री की मंगल आगमन की। वहां से शोभायात्रा पूर्वक अचार्य संघ चार फाटक गणेश चौक छोटी बाजार में रोड होकर गोलगंज पहुंच कर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कितना अच्छा लगता है कितना अच्छा लगता है वर्ष बाद अपनों से मिलकर अपनों के बीच में बैठना 19 वर्षों बाद आपकी और हमारे बीच में कितने लोग आ गए हैं जो तब चार-पांच-छह वर्षों के थे अब जवान 24, 25 साल की हो गए और जो तब 17-18 सालों के से अब उनके 1, 2, 3 साल के बच्चे हो गए हैं यह परिवर्तन ही समाज का नियम है संसार का नियम है । जो चित्र लगाने में लगे रहते हैं वह संसार के चक्कर में फंस जाते है, संसार चक्की के समान है इसके दो पाट है, जो एक धुरी या कील के चारो तरफ घूमते है, इसमें जो जाता है पिस जाता है, पर जो कील से चिपका रहता है वह पिसने से बच जाता है, प्रभु या गुरु संसार चक्र में कील या धुरी के समान है जो गुरु से या प्रभु से जुड़ा रहता है वह इसमें फंसने से या पिसने से बच जाता है। कोई बालक अपने पिता की उंगली पकड़ कर चलता है तो भटक नही सकता, इसी प्रकार आप गुरु की उंगली पकड़ कर चलोगे तो संसार सागर में नही भटकोगे, पिता की उंगली छोड़ कर भटका बालक और पिता दोनो एक दूसरे को ढूंढते है, पर गुरु की उंगली छोड़ोगे और बिछड़ोगे तो तुमको गुरु को खोजना पड़ेगा, गुरु नही खोजेगा। गुरु का आशीर्वाद से तुम्हारा पेट और पेटी दोनो भरे रहते है, पेटी भरी रहेगी तभी तुम निश्चिन्त होकर यहां गुरु के पास बैठोगे, यही व्यवहार है, व्यवहार धर्म संसार मार्ग और मोक्ष मार्ग दोनो में जरूरी है।

## जन्मदिन के बहाने विधानसभा की दावेदारी

### पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह का 22 मई को जन्मदिन



**छिंदवाड़ा ।** पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह का 22 मई को जन्मदिन है, जन्मदिन के बहाने छिंदवाड़ा और चौरई विधानसभा के कार्यकर्ताओं, नेताओं एवं आम लोगों को बुलाने हेतु आमन्त्रण भेजे गये है। बताया जाता है 10 हजार आमन्त्रण चौरई एवं 10 हजार आमन्त्रण छिंदवाड़ा में बांटे जा रहे है। चौधरी चन्द्रभान सिंह इन दिनों चौरई विधानसभा में सक्रिय है, वे चौरई विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहते है, जबकि वहां पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल एवं संदीप रघुवंशी भी दावेदार बताये जाते हैं। जन्मदिन का कार्यक्रम छिंदवाड़ा में होगा।

चौरई विधानसभा रघुवंशी एवं लोधी बाहुल क्षेत्र है, पूर्व विधायक रमेश दुबे क्षेत्र में सक्रिय है और उनकी पूरी तैयारी पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ने की है। कांग्रेस से पूर्वमंत्री कमलनाथ मुख्यमंत्री प्रस्तावित है और छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव लडेंगे, जिले की जनता चाहती है कि उनके जिले विधायक मुख्यमंत्री बने, इसीलिए जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस का पलड़ा भारी है।

## पशुओं को मिलेगी घर पहुंच उपचार सेवा

### जिले को मिले 12 चलित पशु चिकित्सा ईकाई वाहन

**छिन्दवाड़ा ।** अब जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के बीमार होने पर उन्हें विकासखंड या जिला मुख्यालय के पशु चिकित्सालय तक लेकर आने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गौ-पालन को प्रोत्साहन व लाभ का धंधा बनाने की कड़ी में द्वार-द्वार पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 मई को गौ-रक्षा संकल्प सम्मेलन के माध्यम से चलित पशु चिकित्सा ईकाई वाहन प्रदेश के पशुपालक किसानों को समर्पित किये गये हैं। छिंदवाड़ा जिले के 10 विकासखंडों में एक-एक और जिला मुख्यालय में 2 एंबुलेंस प्राप्त हो गई हैं। इन एंबुलेंसों के माध्यम से जिले के ग्रामों में भ्रमण कर पशुपालकों को पशु चिकित्सा संबंधी सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी।

## तीन दिन में मिलेगा नल कनेक्शन: कमीश्नर

### भवन अनुज्ञा राशि जमा न कराने पर निरस्त होगा आर्किटेक्ट/ इंजीनियर का लाइसेंस

### निकाय के सभी दुकानदारों को लेना होगा ट्रेड लाइसेंस

**छिंदवाड़ा ।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण के संबंध में रविवार को नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने निगम सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली। जनसेवा अभियान के अंतर्गत 16 मई से सभी वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में निकाय से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने 900 से अधिक भवन की अनुज्ञा राशि न जमा होने का संज्ञान लिया। कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली ने बताया कि ऐसे आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर जिनके प्रकरण निराकृत नही हुए है उन्हे नोटिस जारी किया गया है इस पर निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिनके प्रकरणों का निराकरण सात दिवस में न हो उनके लाइसेंस को रद्द किया जाए। निगमायुक्त ने जल प्रदाय शाखा को निर्देशित किया कि नवीन नल कनेक्शन के आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तीन दिवस के भीतर आवेदक को नल कनेक्शन दिए जाए। इसके साथ ही निकाय के अंतर्गत व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदारों से ट्रेड लाइसेंस की राशि प्राप्त कर उनका पंजीयन कार्यालय में करवाकर उन्हें ट्रेड लाइसेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षको, लीज शाखा प्रभारी एवं दुकान शाखा प्रभारी को दिए। निकाय के अंतर्गत सभी हैंडपंप एवं ट्यूबबेल की मरम्मत कराने, अविवादित संपत्तियों के नामांतरण, नो ड्यूज प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवाह प्रमाण पत्र के प्रकरण अधिक से अधिक निराकृत करने के निर्देश निगमायुक्त राहुल सिंह ने बैठक में दिए।

## रिजल्ट में सुधार करने की मांग

### एनएसयूआई ने परासिया एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**परासिया ।** एन.एस.यू.आई अध्यक्ष पेंचवेली महाविद्यालय परासिया आनंद बेलवंशी के नेतृत्व में एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा गया प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राओं का कहना है कि उन्होंने पेपर अच्छे से दिए थे फिर भी उनका रिजल्ट खराब आया है CCE देने के बाद cce में अंक नहीं दिए गए हैं पेपर देने के बाद भी एप्सेंट (AB) आया है इसमें यूनिवर्सिटी की लापरवाही हैं पेपर को फिर से चेक करके रिजल्ट में सुधार करके पुन: अपडेट किया जाए इसके पहले भी कुलपति और प्राचार्य महोदय जी को ज्ञापन सौंप के अवगत कराया गया था फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है कार्यवाही नहीं होने से एस.डी.एम. महोदय जी को ज्ञापन दिया गया है और उन्हें बोला गया है यदि इसमें कोई कार्यवाही नहीं होती है तो हस्ड्ढ परासिया विधानसभा छात्र-छात्राओं के हित के लिए उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में सम्मिलित हुए गौरव मोनू ठाकुर (हस्ड्ढ जिला समन्वयक) पंकज महोबे (हस्ड्ढ अध्यक्ष विधानसभा परासिया), पूनम राजपूत, नंदनी केवट, पूजा उईके, सहदेव यदुवंशी, नावेद खान, रूपेंद्र कहार, जय बट्टी, अमान खान, भगवान दास, यश केथवास, हरीश प्रजापति, अनामिका, निधी दुर्वे, पूनाराम कायदा, एकता आठनकर, अमन पहाड़े, और समस्त छात्र-छात्राएं विशेष रूप उपस्थित थें।

## शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराकर मुख्यमंत्री ने निभाया किसान के बेटे होने का फर्ज : नागरे

### जिला सहकारी बैंक बिछुआ में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का कार्यक्रम

### खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है प्रदेश सरकार: ठाकुर



**बिछुआ ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की मर्यादित की बिछुआ शाखा प्रांगण में रविवार को मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत् मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर नगर परिषद बिछुआ के अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत नागरे, नेमीसिंग पटेल, नोडल अधिकारी एचएस निकोसे, शाखा प्रबंधक सतेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक सतेन्द्र श्रीवास्तव ने स्वागतीय उद्बोधन के माध्यम से बताया की योजनान्तर्गत बैंक की 9 समितियों के 2478 किसानों लाभांवित होंगे। जिससे से क्षेत्र के किसानों का लगभग 5 करोड़ 44 लाख का ब्याज माफ होगा। साथ ही योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत नागरे ने कहा प्रदेश सरकार लगातार किसानों के कल्याण के कार्य कर रहीं हैं। किसानों के समग्र उत्थान हेतु शून्य प्रतिशत ब्याज ऋण उपलब्ध कराने का कार्य कर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान के बेटे होने का फर्ज अदा किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर ने कहा की अन्नदाता किसानों को डिफल्टर करने का महापाप पूर्ववर्ती सरकार ने किया था। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। आगे कहा की खेती को लाभ का धंधा बनाने के प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है।

### बैंक की शाखा में भी किसान जमा कर सकते हैं आवेदन

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण जिला सहकारी बैंक छिंदवाड़ा के महाप्रबंधक केके सोनी के निर्देशानुसार कृषक अपना आवेदन फार्म जिला सहकारी बैंक की बिछुआ शाखा में जमा कर सकते हैं। रविवार को 58 किसानों ने बैंक की शाखा पहुंचकर फार्म जमा किए। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई निर्धारित की गई। साथ ही किसानों को शीघ्र प्राथमिकता अनुरूप ऋण स्वीकृति की बात कहीं।

## एक पत्र माँ के नाम...

# माँ तुम्हारी शिक्षा पर चलता तो जेल नहीं होती

**छिन्दवाड़ा ।** धर्म नगरी छिन्दवाड़ा सहित संम्पूर्ण विश्व ने जन्म देने वाली माता के अनंतों उपकारों को यादकर उन्हें नमन किया और उनके सम्मान में मदर्स डे मनाकर उनका गुणगान किया।इस पावन दिवस को सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने कुछ अलग ही अंदाज में जिला जेल छिन्दवाड़ा में मनाकर सम्पूर्ण विश्व की सभी माताओं को याद किया।इस अवसर पर सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक एवं फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने बाल ब्रह्मचारी पण्डितश्री सुमतप्रकाशजी जैन की प्रेरणा से जेल प्रबंधन के साथ आयोजन रखा जिसका नाम दिया एक पत्र माँ के नाम। जिसमे सौ से अधिक कैदियों को सर्वोदय अहिंसा द्वारा पोस्ट कार्ड के साथ पेन का वितरण किया गया फिर सभी कैदियों ने जेल के सभागृह में एक घण्टे में अपनी माँ को सुंदर विचार लिखे। कुछ कैदियों ने अंग्रेजी भाषा मे भी पत्र लिखकर माँ को याद किया। किसी ने लिखा कि माँ मैं तुम्हे बहुत मिस कर रहा हूँ अगर तुम्हारी दी हुई शिक्षाएं याद रखता तो आज जेल में नही होता, खैर अब संकल्प लेता हूँ कि आज के बाद कभी भी बुरे कार्य नही करूंगा, प्रणाम माता।एक कैदी ने लिखा कि माँ मैंने जरा से क्रोध के कारण अपराध कर लिया मुझे नही मालुम था कि दो



मिनिट के क्रोध का फल एक वर्ष का कारावास होता है अत: मेरा संकल्प है कि अब कभी भी क्रोध नही करूंगा, माँ मैं जल्द ही घर आऊंगा अपना घ्यान रखना मेरी प्यारी माँ। एक कैदी ने लिखा माँ तुम चिंता मत करना यहां जेल में सभी सुविधा है, समय पर भोजन, पूजन, व्यायाम सहित सत्संग के साथ अन्य गतिविधियां होती हैं लेकिन आप सबकी बहुत याद आती है काश मैंने तेरी बातें मानी होती तो ये बुरे दिन नही देखने पड़ते।एक कैदी ने लिखा कि आज जैन भैया ने बहुत ही सुंदर सत्संग कराया, फल वितरण भी हुआ, ब्रह्मचारीजी के उदबोधन से मुझे अपराध बोध हुआ, अब मैं भूल कर भी कोई व्यसन एवं बुरे कार्य नही करूंगा जिससे दूसरी बार जेल आना पड़े आदि अन्य कैदियों ने अपने सुंदर विचार लिखकर अपनी अपनी माँ को याद किया।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में रूद्राक्ष, जामुन और पीपल के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ कर्नाटक के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सूरथकल से आए विद्यार्थियों के समूह ने भी पौधरोपण किया। विद्यार्थियों ने कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण का यह संदेश कर्नाटक के नागरिकों को भी देंगे। मध्यप्रदेश में उन्हें हरियाली बढ़ाने के लिए सभी लोग सजग दिखे हैं।

# कर्नाटक में ओपीएस की जीत के बाद मध्यप्रदेश में तेज हुई मुहिम

## कर्मचारी मंच ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** कर्नाटक राज्य में ओ पी एस की मांग कर रहे कर्मचारियों के ओ पी एस के पक्ष में मतदान करने से ओ पी एस लागू करने वाली सरकार बनी है कर्नाटक राज्य के कर्मचारियों ने ओ पी एस के पक्ष में 72 प्रतिशत मतदान किया है मध्य प्रदेश के कर्मचारियों ने कर्नाटक राज्य में ओ पी एस लागू करने वाली सरकार बनाने के लिए कर्मचारियों को लाल सलाम किया साथ ही मध्य प्रदेश में अब ओ पी एस की मुहिम तेज करते हुए आज कर्मचारी मंच ने 12 दफ्तर प्रांगण जवाहर चौक भोपाल में प्रदर्शन करके पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस लागू करने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा तथा मांग की है कि पश्चिम बंगाल झारखंड राजस्थान छत्तीसगढ़ पंजाब हिमाचल प्रदेश के निर्णय और कर्नाटक के परिणाम को देखते हुए मध्यप्रदेश में तत्काल एनपीएस के स्थान पर ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश जारी करें कर्मचारियों को संवैधानिक अधिकार एवं बुढ़ापे की लाठी प्रदान करें नहीं तो सरकार को ओ पी एस की अनदेखी का खामियाजा भुगतना पड़ेगा प्रदर्शन में अशोक पांडे सुनील पाठक श्याम बिहारी सिंह शिवप्रसाद सांगुले सत्येंद्र पांडे लव प्रकाश पाराशर हरि सिंह गुर्जर आर पी वर्मा श्याम लाल विश्वकर्मा भानु प्रताप सिंह चांद सिंह प्रीतम मेहर भूपेंद्र पांडे रामविलास सिंह प्रेम नारायण सिंह नन्नू लाल मालवीय श्याम नर्ते भगवानदास बिल्लोरे आदि सैकड़ों कर्मचारी शामिल थे।



मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में पश्चिम बंगाल राजस्थान छत्तीसगढ़ पंजाब हिमाचल झारखंड राज्य के बाद कर्नाटक राज्य है जहां कर्मचारियों ने ओ पी एस के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करके ओ पी एस लागू करने वाली सरकार बनाई है पश्चिम बंगाल राजस्थान छत्तीसगढ़ झारखंड पंजाब हिमाचल के बाद अब कर्नाटक में भी कर्मचारियों को ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा आगामी दिनों में 3 राज्य राजस्थान छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी चुनाव होना है छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में सरकार कर्मचारियों के लिए ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू कर चुकी है लेकिन मध्य प्रदेश में अभी तक ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू करने की दिशा में कोई निर्णय मध्य प्रदेश सरकार ने नहीं लिया है पश्चिम बंगाल पंजाब झारखंड राजस्थान छत्तीसगढ़ हिमाचल एवं कर्नाटक का अनुसरण करते हुए मध्यप्रदेश में ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश सरकार तत्काल जारी करें अन्यथा मध्य प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि स्वयं उसका परिवार मित्र रिश्तेदार भी अगले चुनाव में ओपीएस पुरानी पेंशन योजना के पक्ष में मतदान करेंगे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा द्वारा अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में हुई बैठक को संबोधित किया। महासभा अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह चौहान, रामकिशन चौहान, विभिन्न जिलों के सदस्य उपस्थित थे।

# कर्नाटक हार से थोड़ी निराशा, मध्य प्रदेश में फिर बनेगी सरकार: विजयवर्गीय

**रतलाम।** हर प्रदेश में अलग-अलग मुद्दे होते हैं। कर्नाटक चुनाव के परिणाम को लेकर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमें करीबी मुकाबला होने की उम्मीद थी इसलिए कुछ निराशा है। मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर से बनेगी। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही।



इस अवसर पर विजयवर्गीय ने कहा कि अभी पूरे प्रदेश का दौरा कर रहा हूं। नेतृत्व परिवर्तन की संभावना पर इंकार करते हुए उन्होंने कहा कि ये सब बातें मीडिया में है। इसका कोई आधार नहीं है। प्रदेश में कमीशनखोरी जैसी कोई बात नहीं, कांग्रेस अपने सरकार बनाने का सपना देख रही है। इस दौरान विजयवर्गीय के साथ पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, आरडीए अध्यक्ष अशोक पोरवाल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। दूसरी ओर पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा के पावर हाउस रोड निवास पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत किया गया।

# 1100 क्वार्टर में पाइप लाइन फूटी

**भोपाल ।** राजधानी में आज सोमवार सुबह 1100 क्वार्टर क्षेत्र में हनुमान मंदिर केकपास प्रमुख चौराहे पर नर्मदा जल प्रदाय करने वाली प्रमुख पाइप लाइन फूट गई। जिससे शहर के नए क्षेत्र में पानी प्रदाय करने में व्यवधान हो सकता है। गर्मी के मौसम में वैसे हो पानी की मारा मारी रहती है ऐसे में अगर नल नहीं आए तो और बड़ी समस्या पैदा हो जाती है । वही स्थिति आज नए शहर की बन सकती है । प्राप्त जानकारी अनुसार आज सुबह लगभग 9 बजे 1100 क्वार्टर चौराहे पर पानी सप्लाई करने वाली पाइप लाइन फूट गई। जिससे सड़क और चौराहे पर पानी भर गया। जिसकी जानकारी नगर निगम के जलप्रदाय विभाग के कर्मियों को मिली जो मौके पर पहुंच कर सुधार का कार्य शुरु कर दिया । इस लीकेज के कारण नए शहर के कुछ क्षेत्रों में घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। वही आज शाम तक सुधार कार्य पूर्ण होने की संभावना है।



# अखिल भारतीय सहरिया समाज महासभा 26 मई को निकलेगा ज्ञापन रैली

**भोपाल ।** प्रदेश के सहारिया समाज के द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर राजधानी भोपाल में रैली निकलने की योजना है जो आगामी 26 मई को हुजुर तहसील परिसर से प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय तक निकली जाएगी। अखिल भारतीय सहरिया समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह सेमरिया ने बताया कि महासभा द्वारा निरंतर कई वर्षो से सहरिया जन जाती की समस्याओं को संविधानिक तरीके से शासन प्रशान के समक्ष रखकर अवाज उठाई जा रही है। एवं हक अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ी जा रही है। आपको ज्ञात हो कि म.प्र. में सहरिया जनजाती को विशेष पिछड़ी जनजाती में शामिल कर कई विशेष योजनाओं का लाभ ग्वालियर चम्बल संबांग में निवास रत सहरिया समाज को बिना लिखित परीक्षा के पटवारी बाबू, पुलिस नाकेदार भ्रत आदि नौकरी दी जा रही है। एवं सहरिया महिलाओं को लगभग 5 वर्ष से पौष्टिक आहार हेतु प्रत्येक माह 1 हजार रू. दिया जा रहा है। एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत 4 हेक्टेयर भूमि का विशेष पट्टा दिया जा रहा है। परन्तु भोपाल संभाग के जिले सीहोर, विदिशा, राजगढ़, रायसेन भोपाल में निवासरत सहरिया समाज को लाभ नही दिया रहा है। जबकि सहरिया समाज महासभा द्वारा कई वर्षो से शासन प्रशासन से मांग की जा रही है। इससे पूर्व वर्ष 20/09/18 में शमशाबाद से सहरिया न्याय पदयात्रा निकाल कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को 22/09/18 को सी.एम. हाउस पर हजारों की संख्या में सहरिया समाज द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सहरिया समाज महासभा फूलसिंह सेमरिया के साथ भोपाल में ज्ञापन दिया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा जल्द लाभ दिलाने हेतु आश्वासन दिया गया था। परन्तु आज तक कोई लाभ नही दिया है।

# सीएनजी-पीएनजी गैस पहुंचेगी घर-घर



**नई दिल्ली।** जैसा की हम सभी जानते हैं की घरों में गैस सिलेंडर की प्रत्येक व्यक्ति को इसकी आवश्यकता पड़ती है। खाना पकाने के लिए अब गैस सिलेंडर की आवश्यकता तकरीबन हरेक परिवार को रहती है। वहीं अब कई स्थानों पर गैस सिलेंडर की जगह गैस पाइपलाइन भी लगाई जा रही है, जिससे आम जनता को सिलेंडर की झंझट से निजात मिल गई है। इस दौरान अब सीएनजी और पीएनजी गैस कनेक्शन को लेकर एक बेहद बड़ा अपडेट सामने आया है। इसके माध्यम से लोगों को अब काफी राहत भी मिलने वाली है।

दरअसल, गवर्नमेंट उद्यम इंडियन ऑयल ने सीएनजी (संपीडित प्राकृतिक गैस) और पीएनजी (पाइप वाली प्राकृतिक गैस) कनेक्शनों का आवासीय यूनिटों में डिस्ट्रीब्यूशन प्रारंभ कर दिया है। इससे आम लोगों को गैस के कनेक्शन को लेकर काफी राहत मिलने वाली है। शीघ्र ही लोगों को उनका गैस कनेक्शन मिलने की आशंका जताई जा रही है। इसको लेकर एक सीनियर ऑफिसर्स ने बताया कि कंपनी ने देशभर में 1.50 करोड़ कनेक्शन मुहैया कराने का टारगेट निर्धारित किया है और शीघ्र ही लोगों को ये कनेक्शन मिलने वाले हैं।

इसके अतिरिक्त इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के संचालक (पाइपलाइन्स) एस नरवणे ने एयरवायो टेक्नोलॉजीज के माध्यम से कोयंबटूर के समीप विकसित होने वाली ष्टहत्त सिलेंडर जांच यूनिट की ओपनिंग की। यह अपनी कैटेगरी की फर्स्ट यूनिट बताई जा रही है। लोगों को भी आगामी समय में इससे अधिक लाभ होने की आशा व्यक्त की जा रही है।

साथ ही इस अवसर पर उन्होंने कहा, सीएनजी और पीएनजी दूसरे अल्टरनेटिव ईंधनों के मुकाबले तकरीबन 30 फीसदी अफोर्डेबल होते हैं और काफी ज्यादा सुरक्षित माने जाते हैं। लोगों की सेफ्टी के लिहाज से यह बेहद ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं।

# चंदुखेडी में 27वें सहायक कमांडेंट के प्रशिक्षु अधिकारियों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

**भोपाल।** आज सशस्त्र सीमा बल अकादमी चंदुखेडी भोपाल में 27वें सहायक कमांडेंट (सीधी भर्ती) बैच के कुल 7 प्रशिक्षु अधिकारियों के दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोमित जोशी, उप महानिरीक्षक, कार्यवाहक निदेशक, सशस्त्र सीमा बल, अकादमी भोपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया।



दीक्षांत समारोह में शामिल प्रशिक्षु अधिकारी भारत के विभिन्न प्रदेशों यथा महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, हरियाणा एवं राजस्थान से आते हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों का यह बैच उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त है। 07 में से 06 प्रशिक्षु अधिकारी इंजीनियर्स तथा 01 राजनिति विज्ञान में स्नात्कोत्तर है।

सशस्त्र सीमा बल अकादमी के परेड ग्राउंड में सुसज्जित दीक्षांत परेड द्वारा सचिन कुमार, उप कमांडेंट को सलामी के उपरांत अजीत सिंह राठौड, कमांडेंट (प्रशिक्षण) को भव्य सलामी दी गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि सोमित जोशी, उप महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल, अकादमी भोपाल को भव्य सलामी दी गई तथा मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्र-ध्वज तथा एस. एस. बी. निशान टोली की उपस्थिति में प्रशिक्षुओं को राष्ट्रसेवा की शपथ अजीत सिंह राठौड, कमांडेंट (प्रशिक्षण) द्वारा दिलवाई गई।

# धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए जुटी लाखों की भीड़, कार्यक्रम में सैकड़ों लोग बेहोश, बागेश्वर बाबा का दिव्य दरबार रद्द

**पटना।** बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पिछले कई दिनों से सुर्खियों में बने हुए हैं। कई लोग उनपर आरोप लगा रहे हे तो कई लोग उनका खुलकर समर्थन भी कर रहे हैं। इन सबके बीच अब एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि, पटना के नौबतपुर के तरेत मठ में लगने वाला बागेश्वर बाबा का दिव्य दरबार आज रद्द कर दिया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक, श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए दरबार को स्थगित कर दिया गया है। दूर दराज से आने वाले सभी भक्तों से मोबाइल और टीवी पर ही कथा सुनने को कहा गया है। जानकारी के मुताबिक, हनुमंत कथा सुनने लाखों लोगों की भीड़ जुट रही है। वहीं, इससे आयोजकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। बताया जा रहा है कि, भीषण गर्मी के कारण लोगों की तबीयत खराब होने लगी। 100 से अधिक लोग बेहोश हो गए। बाबा के दिव्य दरबार के कैंसिल होने की सूचना से उनके चाहने वाले निराश हैं। भीषण गर्मी के कारण लोगों की तबीयत खराब होने लगी। 100 से अधिक लोग बेहोश हो गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पंडाल के अंदर भी लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। आस-पास की रोड भी जाम हो गए थी। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि, यहां भी 200000 लोग पहुंचने वाले थे जबकि 5 से 700000 लोग पहुंच गए हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने दूर-दराज से दिव्य दरबार में आने वाले भक्तों से अपील कि है कि भक्त टीवी और मोबाइल के जरिये कथा सुनें और अपने-अपने घर पर ही रहें।

# सुनील गावस्कर ने बीच मैदान में धोनी का फैन बनकर शर्ट पर लिया ऑटोग्राफ, पेन भी किसी से मांगा था, धोनी को बताया सदियों का खिलाड़ी

**चेन्नई।** आईपीएल 2023 के 61वें मुकाबले के बाद मैदान पर कुछ ऐसा देखने को मिला, जो शायद ही किसी ने सोचा हो। दरअसल चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मैच के बाद सुनील गावस्कर, माही के पास पहुंचे। सुनील ने धोनी का फैन बनकर अपनी शर्ट पर ऑटोग्राफ लिया। इस लम्हे ने लाखों करोड़ों लोगों के दिलों को जीत लिया। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आई है, जो जमकर वायरल हो रही हैं।

दरअसल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे है। वीडियो में महेंद्र सिंह धोनी, सुनील गावस्कर को उनकी शर्ट पर ऑटोग्राफ देते हुए दिख रहे हैं। इस खास पल के बाद दोनों खिलाड़ी एक दूसरे को गले लगाते दिखे। बता दें, सुनील ने ये ऑटोग्राफ उधार की पेन से लिया था।

### धोनी हैं रोल मॉडल- सुनील

वहीं मीडिया से बात करते हुए सुनील ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें कौन प्यार नहीं करता? उन्होंने इतने सालों में भारतीय क्रिकेट के लिए जो किया है वह अद्भुत है। सबसे खास बात यह है कि वह रोल मॉडल रहे हैं। दुनियाभर से लोग उन्हें देखते हैं। जैसे ही मैंने सुना कि वो पूरी टीम के साथ मैदान के चक्कर लगाने वाले हैं, मैंने किसी से पेन उधार लेकर चुपचाप अपने पास रख ली। सुनील ने महेंद्र को सदियों का खिलाड़ी भी बताया। उन्होंने कहा-एमएस धोनी जैसे खिलाड़ी सदी में एक बार आते हैं।



बता दें, कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2023 में अपना आखिरी मुकाबला होम ग्राउंड पर खेला जा रहा था। ऐसे में मैच खत्म होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी ग्राउंड का चक्कर फैन्स के साथ लगा रहे थे। इसी दौरान सुनील ऑटोग्राफ लेने आए थे। बता दें कि चेन्नई सुपर किंग्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में शिकस्त झेलनी पडी। पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी चेन्नई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन बोर्ड पर लगाए। टीम की ओर से शिवम दुबे ने 48 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली। रनों का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने महज़ 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।